कार्तिक कृष्ण पक्ष 10, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 126 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

29 अक्टूबर 2024 मंगलवार

**आज का मौसम**

30 अधिकतम

21 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## दीवाली शुरू, धनतेरस पर बना महासंयोग, बाजार गुलजार

**नई दिल्ली/भोपाल, दोपहर मेट्रो**

आज से दीवाली पर्व शुरू हो गया है। धनतेरस पा आज बाजार में सोना-चांदी की खरीदारी जमकर हो रही है। ज्योतिषियों के मुताबिक आज मंगल प्रदोष और धन त्रयोदशी का महासंयोग भी बन रहा है। इस दिन बह्म और ऐन्द्र, त्रिपुष्कर का योग भी रहेगा। ये सभी योग आफिस एवं घर में पूजा के लिए उत्तम हैं। मान्यता है कि धनतेरस तिथि शुरू होने के साथ इसके समापन तक खरीदारी की जा सकती है। धनतेरस आज सुबह 10:45 बजे से 30 अक्टूबर को दोपहर तक है।



**आंतरिक्ष से बधाई:** भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष से दीवाली की शुभकामनाएं भेजी हैं। उन्होंने कहा कि इस बार धरती से 260 मील ऊपर दीवाली मनाने का मौका मिला है। सुनीता काफी समय से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में फंसी हैं। उन्होंने वीडियो संदेश के जरिये अमेरिका और दुनिया भर में मौजूद भारतीय मूल के लोगों को दीपावली की बधाई दी व कहा मेरे पिता ने दीवाली और अन्य भारतीय त्योहारों के बारे में हमेशा सिखाया और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखा।

## अमेरिका में बैलेट बाक्स में आग से संदेह के बादल गहराए

**वाशिंगटन, एजेंसी।**

अमेरिका में इस समय अगले राष्ट्रपति का सवाल सुर्ख है। डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन्स दिन-रात एक किए हुए हैं कि उनकी पार्टी का उम्मीदवार ही व्हाइट हाउस पहुंचे। चुनाव पांच नवंबर को होगा।



लेकिन इससे पहले देशभर में प्री-इलेक्शन में भी जमकर वोटिंग हो रही है। इस बीच कई राज्यों में बैलट बॉक्स में आग लगने और नष्ट होने की घटनाओं ने संदेह की स्थिति पैदा कर दी है। बताया जाता है कि अमेरिका के वॉशिंगटन और ओरेगन में कई जगह बैलट बॉक्सों में आग लग गई. इन बैलट बॉक्स का इस्तेमाल प्री-इलेक्शन के लिए किया गया था। स्थानीय पुलिस का कहना है कि बैलट बॉक्स में आग लगने की ये घटनाएं वॉशिंगटन और ओरेगन की है। यहां बैलट बॉक्स में आग लग गई। ओरेगन के पोर्टलैंड और वॉशिंगटन के वैंकूवर में एक पोलिंग बूथ पर बैलट बॉक्स में आग लग गई. पांच नवंबर को होने जा रहे राष्टपति चुनाव से पहले बैलट बॉक्स में आग लगने की इन घटनाओं की जांच एफबीआई कर रही है. एफबीआई इन घटनाओं की जांच में स्टेट और स्थानीय प्रशासन की मदद कर रही है।

## कश्मीर में भीषण मुठभेड़ तीन आतंकियों को सेना ने किया ढेर

**श्रीनगर, एजेंसी।**

जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच आज मुठभेड़ का दूसरा दिन है। सुरक्षा बलों ने सभी तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। इससे पहले अधिकारियों ने बताया कि जम्मू क्षेत्र के अखनूर सेक्टर के एक गांव में छिपे एक आतंकवादी को मंगलवार सुबह फिर से शुरू हुई मुठभेड़ में मार गिराया गया। सुरक्षा बलों ने इलाके में छिपे आतंकवादियों के खिलाफ अपना अंतिम हमला किया। अब तक दो आतंकवादी मारे जा चुके हैं और जोगवान गांव में असन मंदिर के पास वन क्षेत्र में छिपे थे। उनके तीसरे सहयोगी को मार गिराने के प्रयास जारी हैं। सोमवार सुबह नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास चल रहे काफिले में शामिल सेना की एंबुलेंस पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। तीन आतंकवादियों में से एक को विशेष बलों और एनएसजी कमांडो ने अभियान शुरू होने के बाद शाम तक ढेर कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब सात बजे छिपे आतंकवादियों के खिलाफ अंतिम हमला किया, जिसके बाद फिर से मुठभेड़ शुरू हो गई।



## केरल में मंदिर में उत्सव के दौरान हादसा, कई घायल

**कासरगोड।** दिवाली के उत्सव से पहले केरल में दर्दनाक हादसा होने की सूचना है। सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात केरल के कासरगोड में हुए हादसे में 150 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। पुलिस ने बताया कि घायलों में से आठ लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, पटाखों के भंडारण में आग लगने से यह हादसा हुआ। बीती रात को कासरगोड जिले के नीलेश्वरम के पास 'अंजूतामबलम वीरकावु मंदिर' में उत्सव के दौरान आतिशबाजी में विस्फोट होने से कम से कम 154 लोग घायल हो गए, जिनमें से आठ गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना वार्षिक अनुष्ठान कार्यक्रम 'कलियाट्टम' के दौरान हुई, जिसे 'थेय्यम' के नाम से भी जाना जाता है। अनुष्ठान कार्यक्रम में हजारों लोग शामिल हुए थे।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर *रन फॉर यूनिटी*

## एकता-फिटनेस का संकल्प लेकर दौड़े युवा, मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लौह पुरुष के नाम से प्रसिद्ध भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य पर आज यहां आयोजित ''रन फॉर यूनिटी'' में मध्यप्रदेश के मु यमंत्री डॉ मोहन यादव और प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा शामिल हुए। आज सुबह स्थानीय टीटीनगर स्टेडियम में इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ यादव ने दौड़ में शामिल युवाओं और अन्य लोगों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ. यादव ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता और फिटनेस के संकल्प को प्रदर्शित करते हैं। पटेल की जयंती पर आज इस तरह के आयोजन पूरे देश में हुए हैं।



### वोकल फॉर लोकल के लिए बाजार पहुंचे सीएम

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज धनतेरस के अवसर पर यहां भगवान श्रीगणेश, माता लक्ष्मी की प्रतिमा और मिट्टी से निर्मित दीयों की खरीददारी की। यादव ने वीडियो साझा करते हुए लिखा ''दीपोत्सव का आनंद और स्वदेशी का संकल्प...आज धनतेरस के शुभ अवसर पर भगवान श्रीगणेश और माता लक्ष्मी की प्रतिमा एवं मिट्टी के दीये की खरीदारी की। दुकानदार भाई के चेहरे की प्रसन्नता ने त्योहार के आनंद को दोगुना कर दिया।'' यादव दीपावली त्योहार के मद्देनजर ''वोकल फॉर लोकल'' के नारे के अनुरूप स्थानीय उत्पाद स्थानीय लोगों से खरीदने को प्रोत्साहित कर रहे हैं और वे स्वयं ऐसा कर रहे हैं।



## सलमान और जीशान को फिर धमकी, 1 हत्थे चढा



**मुंबई।** एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी के विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी तथा अभिनेता सलमान खान को भी फिर जान से मारने की धमकी दी गई है। इस मामले में एक शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार किया है.। बांद्रा ईस्ट स्थित जीशान के पब्लिक रिलेशंस ऑफिस को यह धमकी भरा कॉल आया था। धमकी भरा कॉल में जीशान और सलमान खान दोनों को धमकी देकर पैसों की मांग की गई। इस धमकी के बाद जीशान सिद्दीकी के ऑफिस की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई। इस कॉल को लेकर लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर शक जताया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने मोहम्मद तैयब उर्फ गुरफान नाम के शख्स को नोएडा से गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली का रहने वाला है. उसे सेक्टर 39 थाना इलाके से गिरफ्तार किया गया है और मुंबई पुलिस उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर गई है। कल ही बिहार में सांसद पप्पू यादव को भी धमकी दी गई थी कि वह लारेंस गैंग के मामले से दूर रहें।

## बहराइच हिंसा में 29 पुलिसकर्मियों पर लिया एक्शन, लाइन भेजा गया

**लखनऊ, एजेंसी।**


उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में हुई हिंसा के बाद एक्शन के तहत 29 पुलिसकर्मियों को सक्रिय ड्यूटी से हटा दिया गया है। इन पुलिसकर्मियों को थाना-चौकी से हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया है। जिनपर ये कार्रवाई हुई है वे हरदी और रामगांव पुलिस स्टेशन में तैनात रहे हैं। बहराइच की एसपी (पुलिस अधीक्षक) वृंदा शुक्ला ने हालांकि इसे रूटीन बताया है. लेकिन जिन पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन भेजा गया है उनमें अधिकांश उस एरिया के हैं जहां पर मूर्ति विसर्जन के दौरान हिंसा फैली थी। ऐसे में एसपी की इस कार्रवाई को बवाल-



उपद्रव के वक्त ढिलाई बरतने वाले पुलिसवालों पर एक्शन के तौर पर देखा जा रहा है।

### भाजपा के दबाब पर भारी पड़े नवाब

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में नामांकन के लिए आज आखिरी दिन काफी सियासी सरगर्मी है। एनसीपी (अजित पवार) ने नवाब मलिक को आज सुबह एबी फॉर्म दे दिया। हालांकि अभी यह तय नहीं हुआ है कि वह नामांकन दाखिल करेंगे या नहीं। दरअसल महाराष्ट्र में बीजेपी और एनसीपी (अजित) महायुति गठबंधन का हिस्सा हैं। बीजेपी ने नवाब मलिक को टिकट देने का विरोध किया था। नवाब मलिक ने साफ कर दिया था कि वह हर हाल में नामांकन दाखिल करेंगे। अब एनसीपी (अजित पवार) की तरफ से उन्हें इशारा मिल गया है कि नामांकन के लिए तैयार रहें।



## यूएन रिलीफ एजेंसी इजरायल में बैन


**यरूशलम।** इजराइली संसद में संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी पर प्रतिबंध लगाने के लिए वोटिंग में हुई है। इसके तहत कानून में एजेंसी को इजराइली धरती पर काम करने से रोकने का प्रावधान है।खबरों के मुताबिक यह कानून 92-10 से पारित हुआ। कानून के मुताबिक गाजा, वेस्ट बैंक और इजराइल के बाकी इलाकों में लोगों की मदद कर रही यूनाइटेड नेशंस रिलीफ एंड वर्क एजेंसी फॉर पैलेस्टाइन रिफ्यूजीज को 3 महीने के भीतर काम रोकना होगा।





### पटवारी द्वारा नए पुरानों के सीमांकन के कई सबब

## कांग्रेस के नए मार्ग पर युवा व अनुभवी बने दर्शक



**अर्थात**

**आशीष दुबे**

अपनी कार्यकारिणी से जिस 'आग' की संभावित लपटों को कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अब तक किसी तरह दबाए बैठे थे, वह भड़कने लगी है। वैसे भी नई शुरूआत का पहला कदम यदि देरी से उठे तो उसमें उत्साह के बजाए शिकवे ही उभरते हैं। जीतू पटवारी की टीम का ऐलान उनके दस महीने के कार्यकाल के बाद हुआ है। इसमें पटवारी ने अपने 'रकबे' से 'आड़ी-तिरछी जमीनों' को काटकर व्यवस्थित व चौकोर करने की कोशिश की है। भाजपा के संगठन चुनाव की आहट के बीच कांग्रेस संगठन का यह औपचारिक खाका कई प्रयोगों के नाम पर एडजस्टमेंट की भी दुहाई दे रहा है। कार्यकारिणी में प्रयोगों के तहत नए नेताओं की पांत खड़ी करने का जतन तो नजर आता है, लेकिन प्रयोग की कोशिश में टीम-पटवारी में ऐसे नाम जुड़ गए हैं और ऐसे छूट गए, जिनके चलते अंदरखाने बवाल है। पटवारी को इसका अहसास पहले था, लिहाजा अब वे कह रहे हैं कि 'काम करने के इच्छुक लोगों के लिए भी जल्द जगह बनाई जाएगी।' जानकारों की मानें तो यह टीम इस बात की तस्दीक है कि पटवारी की पारी अगले चुनाव तक जारी रहेगी। लिहाजा पटवारी के मौजूदा व युंका के जमाने के करीबी प्रायः सारे अपेक्षाकृत युवा नेता इसमें 'स्वाभाविक' रूप से मौजूद हैं। मगर 53 वर्षीय पटवारी की टीम में पुराने अनुभवियों की नाममात्र की मौजूदगी काबिलेगौर है। दिग्गज नेताओं के समर्थकों को भी 'सीमित जगह' मिली है। कई महत्वपूर्ण अंचल को भरपूर प्रतिनिधित्व नहीं मिल सका है जबकि कुछ अंचल से बहुत से लोग आ गये हैं। मसलन एक ही जिले से सचिन यादव, झूमा सोलंकी और रवि जोशी को उपाध्यक्ष बनाया है। इधर अब तक पीसीसी में 'नाइट-वाचमैन' की भूमिका निभा रहे महेंद्र सिंह चौहान, चंद्रिकाप्रसाद द्विवेदी, जेपी धनोपिया, गोर्की बैरागी, भूपेंद्र गुप्ता, रवि सक्सेना में से सिर्फ राजीव सिंह ही किस्मतवाले रहे। जबकि अनुभवी राजेंद्र सिंह का भी उपयोग नहीं दिख रहा तो पीसी शर्मा, मानक अग्रवाल, केके मिश्रा, किशन पंत...जैसे नेताओं की कतार भी मुख्यधारा से बाहर हैं।



उधर कई प्रवक्ता कार्यकारिणी में जगह पा गये कुछ 'दोहरे पदों' पर भी हैं। एक अनुभवी नेता नाम न छापने की शर्त पर कहते हैं-' पहले कांग्रेस में क्षत्रपों का कोटा होता था और इसी फार्मूले से पार्टी चला करती थी लेकिन डेढ दशक में 'केंद्रीय च्वाइस व कोटे' ने पूरा संगठन अस्तव्यस्त कर दिया है, चुनावी नाकामियों की वजह भी यही है।' वहीं टीम में जगह न बना सके एक पुराने पदाधिकारी शायराना अंदाज में कहते हैं- हवाओं का डर कुचलना जरूरी है, हम चिराग हैं, हमारा जलना जरूरी है।

बहरहाल, जहां तक पुराने क्षत्रपों की बात है तो अरूण यादव और अजय सिंह के समर्थक इस मामले में भारी नुकसान में रहे हैं। सिंह मुखर हैं तो यादव खामोश हैं लेकिन दोनों की 'आवाज' गूंज पैदा कर रही है। दिग्विजय व कमलनाथ के कुछ समर्थकों को जगह मिली है। दिग्विजय अपने बेटे को उपाध्यक्ष पद मिलने से भारी लगते हैं। मगर कांग्रेस का 'पचौरी-खेमा' फायदे में है। कांग्रेस छोड़ चुके सुरेश पचौरी का चर्चा हमेशा पार्टी के भीतरी गलियारों में रहा है। अब उनके पुराने समर्थकों को फिर भरपूर तवज्जो से अन्य दावेदार भले ही उखडे हों लेकिन 'पचौरी-फैक्टर' कांग्रेस में अहमद फराज के शब्दों में कुछ यूं है - *बदला न मेरे बाद भी मौज़ू-ए-गुफ़्तुगू, मैं जा चुका हूँ फिर भी तेरी महफ़िलों में हूँ।*

### नई टीम का पहला टेस्ट

फिलहाल तो जीतू पटवारी को अपने व हाइकमान के साझा प्रयोगों को सही साबित करने की भी जरूरत है, उन्हें नये व पुरानों के बीच 'पुल' बनाने की चुनौती भी है। यह कांफिल्क्ट एआईसीसी में भी एक दशक पहले उभरा था। मप्र में हाइकमान का भरोसा पटवारी के साथ है मगर फिलवक्त टीम पटवारी के लिए बुधनी व विजयपुर उपचुनाव लिटमस टेस्ट बन गया है। खुद पटवारी का अभी चार साल का संघर्ष व सफर बहुत लंबा है, उन्हें अब वह 'ब्लेंडर' बनना होगा जो युवा दस्ते के साथ अनुभवियों का सही मैदानी 'कॉकटेल' तैयार कर सके।





## धनतेरसः महापर्व की आज से शुरुआत, अबूझ मुहूर्त में दिनभर चलेगी खरीदारी

**भोपाल.** धनतेरस पर मंगलवार को शहर के बाजारों में धनवर्षा होगी। अबूझ मुहूर्त के इस खास दिन पर सुबह से ही उपभोक्ता अपनी जरूरत का सामान दिनभर खरीदेंगे। धार्मिक मान्यता के अनुसार धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और कुबेर की पूजा आराधना की जाती है। इस दिन सोना, चांदी, आभूषण, बर्तन, प्रॉपर्टी आदि की जमकर खरीदारी की जाती है। इस शुभ दिन पर निवेशक शेयर बाजार, सोना-चांदी, प्रॉपर्टी, यूचुअल फंड, एफडी सहित डाक विभाग की योजनाओं में पैसा लगाते हैं।

## सीएम समाधान ऑनलाइन

# कलेक्टरों को दो टूक, शिकायतें यहां तक नहीं आनी चाहिए

### मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ताओं को सुना, लापरवाह 11 अधिकारी, कर्मचारियों को निलंबित करने के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार देर रात प्रदेश के अलग-अलग शिकायतकर्ताओं से बात की। जिसमें पता चला कि निचले तंत्र में काम कर रहे कुछ अधिकारी, कर्मचारी अपना काम जिम्मेदारी से नहीं कर रहे हैं, जिसकी वजह से आम लोगों को परेशानी हो रही है। मुख्यमंत्री ने इस पर न केवल कलेक्टरों से सवाल किए, बल्कि परेशानी पैदा करने वाले 11 अधिकारी, कर्मचारियों को निलंबित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री हर माह किसी भी एक दिन सीएम समाधान ऑनलाइन के जरिए शिकायतकर्ताओं को सुनेंगे। सोमवार को मोहन सरकार की पहली समाधान ऑनलाइन थी। मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को दो टूक कहा, आप और आपके अधिकारी करते क्या हैं, इस तरह से शिकायतें राज्य तक पहुंच रही है, जिनका निराकरण निचले स्तर पर ही हो जाना चाहिए था। इसका मतलब है कि सिस्टम में कहीं न कहीं कमी है, इस कमी को ठीक कीजिए। आम लोगों को छोटे-छोटे कामों के लिए परेशान नहीं होना चाहिए।

### मुख्यमंत्री ने जब कलेक्टर को कराया चुप

खंडवा की प्रेमपुरी बाई का कहना था कि उसकी बेटी गुम हुई तो अधिकारियों ने समय पर उसकी मदद नहीं की, उसे परेशान होना पड़ा। एफआईआर दर्ज करने से लेकर बेटी को खोजने में भी देरी हुई। कलेक्टर इस पर सफाई देने लगे। जिन्हें मुख्यमंत्री ने चुप कराते हुए कहा कि सफाई से काम नहीं चलेगा। जिला आपका है और आप जिले के मुखिया है। यदि इस तरह की स्थिति निर्मित हो रही थी तो आपको पता होना चाहिए था। किसी भी व्यक्ति को परेशानी नहीं होनी चाहिए। शिकायतें पब्लिक प्लेटफार्म पर लंबित न होने दें। सीएम ऑनलाइन समाधान में मंत्रालय से मुख्यमंत्री के साथ मुख्य सचिव अनुराग जैन, सभी



एसीएस, पीएस, सचिव शामिल रहे। जबकि संभाग व जिलों से संभागायुक्त, कलेक्टर, आईजी, पुलिस अधीक्षक वर्चुअली जुड़े थे।

### समाधान ऑनलाइन में यह भी हुआ

- **बालाघाट** में कलेक्टर की जगह आईजी बीच की कुर्सी पर बैठे दिखे। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को बीच में बैठने के निर्देश दिए। कहा, आप जिले के मुखिया है।
- **भिंड** में शिकायतकर्ता ने बताया कि एक साल पहले आवेदन किया पर पेंशन नहीं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस अधिकारी या सचिव के कारण एक साल की पेंशन से संबंधित वंचित है, उसे संबंधित की वेतन से पेंशन का भुगतान कराएं।
- **रायसेन** के एक उपभोक्ता की खपत से अधिक बिल देने की शिकायत पर गलती पकड़ी गई पर बिल कम नहीं किया। मुख्यमंत्री ने बिल कम करने के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा की गई अनदेखी के चलते उन्हें निलंबित करने को कहा।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में ये जिले आगे

सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों के निराकरण में कटनी, विदिशा, सीहोर, सिंगरौली व सागर जिला और प्रदेश स्तर पर ऊर्जा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा गृह विभाग ने अच्छा काम किया। मुख्यमंत्री ने उक्त कलेक्टरों व प्रदेश के अधिकारियों के कामों को की सराहना की।

## सुभाष उमा उत्कृष्ट विद्यालय में मनाया दीपोत्सव



**भोपाल।** राजधानी के शिवाजी नगर स्थित शासकीय सुभाष उमा उत्कृष्ट विद्यालय में छात्र-छात्राओं के साथ प्राचार्य सुधाकर पाराशर एवं विद्यालय स्टाफ ने दीपोत्सव मनाया। छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली डाली गई।

## एक दीपक देश के जवानों के नाम



**भोपाल।** एक दीपक देश के जवानों के नाम दीप प्रज्वलित किया जय हिंद सेना ने।

## दीपावली के पहले 8 अपर, डिप्टी व संयुक्त कलेक्टरों को बदला

## आईएएस चंद्रमोहन ठाकुर की सेवाएं पीएमओ को सौंपी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

दीपावली के तीन दिन पहले सोमवार देर रात को सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 8 अधिकारियों के तबादले किए। इनमें एक-एक अपर, डिप्टी व 6 संयुक्त कलेक्टर शामिल है। इनमें से एक संयुक्त कलेक्टर को नगर निगम इंदौर में अपर आयुक्त बनाया है। वहीं आईएएस अधिकारी चंद्रमोहन ठाकुर की सेवाएं पीएमओ को सौंप दी है। ठाकुर को कुछ दिन पहले ही पीएमओ में उप सचिव बनाया था। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा किए आदेश के अनुसार अपर कलेक्टर सरोधन सिंह को डिंडौरी से शहडोल, डिप्टी कलेक्टर कमलेश पुरी को मऊगंज से अनूपपुर भेजा है। वहीं अशोक नगर के संयुक्त कलेक्टर अनिल बनवारिया को इंदौर नगर निगम का अपर आयुक्त बनाया है। जबकि सिंगरौली संयुक्त कलेक्टर अखिलेश कुमार सिंह को रीवा, उक्त पद पर कार्यरत ऋषभ कुमार जैन को मंडला से जबलपुर, बृज बिहारी लाल श्रीवास्तव को दतिया से अशोक नगर, दीपशिखा भगत को अनूपपुर से मऊगंज और आरती यादव को मैहर से सागर भेजा है। वहीं आईएएस चंद्रमोहन ठाकुर की सेवाएं सोमवार देर शाम केंद्र को सौंप दी गई है। चंद्रमोहन ठाकुर 2012 बैच के आइएएस हैं, बीते दिनों उन्हें प्रधानमंत्री कार्यालय का उप सचिव बनाया था। इसके पूर्व वह मप्र भवन विकास निगम के प्रबंध संचालक व मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव थे।

## विशेषज्ञ बोले- जलवायु परिवर्तन के खतरों पर कई राज्य गंभीर नहीं, कथनी व करनी में अंतर

### मप्र ने बुलाई थी जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 150 से अधिक विशेषज्ञों ने लिया हिस्सा

**भोपाल।** मप्र की बात करें या कुछ और राज्यों का रवैया, इनकी एप्रोच कई मौकों पर जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरों से निपटने जैसी नहीं लगती। ऐसा लगता है मानो कथनी और करनी में अंतर है। यह दो तरफा बात खतरे की घंटी है। इस गेप को खत्म करना ही होगा, नहीं तो आने वाले पीढ़ियों के लिए पर्यावरण नहीं बचेगा। विशेषज्ञों ने यह भी सलाह दी कि हरित विकास आधारित नीति को सौ फीसद अपनानी होगी। पर्यावरण को पहुंच रहे खतरों व जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार कारकों से निपटने के लिए अलग से हरित बजट होना चाहि। इस क्षेत्र में बहुत काम करने की जरुरत है। जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए राष्ट्रीय संगोष्ठी कुशाभाउ ठाकरे सभागार में बुलाई थी। इसमें सीएम ने भी हिस्सा लिया था। सेवानिवृत्त आईएएस रविशंकर प्रसाद ने कहा कि क्लाइमेट जस्टिस जरूरी, ग्रीन इनवेस्टमेंट को बढ़ावा मिले, कार्बन बाजारों में प्रवेश के लिए ठोस फ्रेमवर्क हो। विज्ञान भारती केरल के डॉ. विवेकानंद पाई ने कहा भारत में कार्बन उत्सर्जन 1.8 टन पर केपिटा है, जो विश्व की एवरेज केपिटा पर 4.5 टन से कम है, इसे और कम करना है, मप्र भी इसमें प्रभावी भूमिका निभाए।

## 'शिक्षक का कर्म शिक्षा, बच्चों में ज्ञान का दीया जलाएं'

### साधु वासवानी स्कूल में दीपवली मिलन कार्यक्रम

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल में दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबंधन विद्यालय परिवार के सदस्यों को पर्व की बधाई। बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत सुधार सभा के प्रमुख व शिक्षाविद् विष्णु गेहानी के स्वागत भाषण से हुई। गेहानी ने कहा कि आज हम दीप जलाने के लिए बैठे हैं। आप शिक्षक हो तो आपका कर्म है बच्चों का भविष्य बनाना तो अपने कर्म पर अटल रहकर इन बच्चों के लिए ज्ञान के दीप जलाओ। कार्यक्रम में समाजसेवी कन्हैयालाल रामनानी, जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी, सुधार सभा के सचिव वासदेव मोतियानी, जनक थद्धानी और प्राचार्या सुतापा जॉयसवाल ने कहा कि दीपावली पर्व का एक ही संदेश होता है कि जीवन को रोशन करो और रोशनी फैलाओं आज अगर हमें किसी के जीवन में रोशनी लाने का अवसर मिला है तो



यह हमारा कर्तव्य बनता है कि जितना हो सके उतना अंधेरों को दूर कर रोशनी फैलाने का प्रयास करें, दीये अवश्य जलाएं और कुछ दीये अंतर मन में भी जरुर जलाएं जो दूसरों की खुशी देखते हैं वह सदैव खुश रहते हैं। शिक्षिका साक्षी टिलवानी और मधु मेहरचंदानी ने गीतों के माध्यम से पर्व की बधाई दी। संचालन भावना कलवानी एवं आभार उपप्राचार्या स्वाति कलवानी ने व्यक्त किया।



## दीदी सुषमा श्रीवास्त की पुण्यतिथि गीत संगीत का कार्यक्रम

**हिरदाराम नगर.** मुस्कान म्यूजिकल ग्रुप ने दीदी सुषमा श्रीवास्तव की प्रथम पुण्यतिथि पर गीत संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें शौकिया गायकों ने गाने गाकर गीतांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भगवानदास सबनानी थे, जबकि विशिष्ठ अतिथि किरन वाधवानी व जेडी गोलानी। अतिथियों का स्वागत मोहन बेलानी ने किया। किरण श्रीवास्तव ने आयोजन में अहम भूमिका निभाई। किरण वाधवानी ने 'जाने चले जाते है कहां दुनिया से जाने वाले' गाया और मोहन बेलानी ने 'छुहूगा में तुझे सांझ सवेरे फिर भी कभी' गाना गाया। कार्यक्रम में भविष्य बेलानी, शालिनी, अर्पित, मनोज, अनुराग, अरुणा मेहता, कुमुद, रश्मि दुबे, विवेक दुबे, वीरु लखानी, राजेन्द्र लालवानी, अजय राजपूत, सुबोध, तनु आदि ने गाने गाये। कार्यक्रम का संचालन आरके किरन श्रीवास्तव व आभार किरण श्रीवास्तव ने माना।

### सनशाइन ट्रस्ट,सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट एवं नारायण सेवा ट्रस्ट पर्व का मिलन कार्यक्रम

## आर्थिक रूप से कमजोर 300 परिवारों को जरूरत का सामान दिया

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सनशाइन ट्रस्ट,सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट एवं नारायण सेवा ट्रस्ट द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर 300 परिवारों के साथ दीपावली उत्सव मनाया गया। संस्कार स्कूल में भोज के बाद उपहार स्वरूप एक थैला भेंट किया गया, जिसमें आटा, चावल, शक्कर, चना दाल, मूंगदाल, नमक, चाय पत्ती, माचिस का पैकेट, फुलझड़ी का पैकेट, स्टील की थाली एवं स्टील का गिलास प्रत्येक परिवार को दिया गया। इस कार्यक्रम में भोपाल नगर निगम की महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा व भगवानदास सभनानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। पूर्व आवास संघ के अध्यक्ष व महानगर सहकारी बैंक के संस्थापक अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कार्यक्रम की रूप रेखा रखी।वासवानी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा इस तरह का कार्यक्रम पिछले 30 वर्षों से किया जाता रहा है। महापौर राय ने कहा कि इस तरह के कमजोर परिवारों के साथ में मिलकर दीपावली मनाना व उनके साथ भोजन करना एक अच्छा संदेश देता है व इस तरह के परिवार इससे उत्साहित होते है।



विधायक शर्मा ने भी इस कार्य करने के लिए ट्रस्ट की प्रशंसा की भगवानदास सभनानी द्वारा ऐसे परिवारों को सामग्री के थैले भेंट किये। कार्यक्रम में ईश्वरदास हिमथानी, अर्जुनदास मंगतानी, लख्मीचंद नरयानी, राजेश हिंगोरानी, शंकरलाल आसुदानी,नरेश तोलानी, नरेश वासवानी, नारायणदास सभनानी, ट्रस्ट के सचिव रामचंद सभनानी, गुरदास रामचंदानी, नानक दादलानी, बिहारीलाल जी,के एल मोटवांनी, हरनाम पेसवानी एवं संत नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर** | राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का करेंगी प्रतिनिधित्व

## मार्शल आर्ट चैम्पियनशिप में नवनिध को सात स्वर्ण, छह रजत

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने म.प्र. राज्य स्के मार्शल आर्ट चैम्पियनशिप 2024 में 13 पदक हासिल किए, जिसमें सात स्वर्ण और छह रजत पदक शामिल हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर नवनिध को भोपाल जिला का चैंपियनशिप घोषित किया गया। प्रतियोगिता में छात्राएं विद्यालय की स्पोर्ट्स कोच शिवानी कुशवाहा और चंचल कुशवाहा के मार्गदर्शन में शामिल हुई थीं, अंडर-11, अंडर-14, और अंडर-18 बालिका वर्ग की विभिन्न श्रेणियों में विद्यालय की छात्राओं ने हिस्सा लिया।




**अंडर-11 बालिका वर्ग :** रुद्राक्षी सिंह नरवारे (स्वर्ण, युद्ध), अनुष्का जैन (स्वर्ण, युद्ध) ने अपनी श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
**अंडर-14 बालिका वर्ग :** कनक दुबे (स्वर्ण, युद्ध), दीक्षा दुनानी (स्वर्ण, युद्धम), नीवी जैन (रजत, युद्धम), सृष्टि पेसवानी (स्वर्ण, युद्धम), माहि भंभानी (स्वर्ण, लयात्मक), **समूह कौशल टीमः** निशिका मेहरा, कनिष्का सोनी, सृष्टि पेसवानी (रजत) पदक जीता।
**अंडर-18 बालिका वर्ग :** रैना भंभानी (रजत, युद्ध), ऋषिका संकलेल (स्वर्ण, युद्धम), हर्षिता मोरंदानी (रजत, कौशल) ने पदक हासिल किया। पदक हासिल करने वाली छात्राएं 18 से 21 नवंबर के बीच मध्यप्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए धुले, महाराष्ट्र में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।

### टेक्नो विस्ता में कई पुरस्कार जीते

बाल भारती पब्लिक स्कूल में 'टेक्नो विस्ता' अंतर-विद्यालयीन प्रतियोगिताओं में नवनिध की छात्राओं ने कई पुरस्कार अपने नाम किए। कैटेगरी-1 में हुई 'स्क्रैच प्रोग्रामिंग' प्रतियोगिता में कृतिका कन्नौजिया और डिंपी पेसवानी प्रथम रनर-अप रहीं। कैटेगरी-2 में आयोजित 'वेब पेज क्रिएशन' प्रतियोगिता में रिदम असनानी और अदिति हिंगोरानी ने सेकंड रनर-अप रहीं।

## बिजली बकायादारों पर सख्त हुए अफसर, रात में चैकिंग भी होगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी में विद्युत वितरण कंपनी बकाया राशि वसूली के लिए सघन प्रयास में जुटी है। इन प्रयासों के अंतर्गत बकाया राशि वसूली के लिए घर-घर जाकर बिजली कर्मचारी और अधिकारी राजस्व वसूली कर रहे हैं। कंपनी के सभी वृत्त कार्यालयों में समीक्षा बैठकें आयोजित कर मैदानी स्तर पर राजस्व वसूली की वृद्धि के प्रयास तेज कर दिये गये हैं। सभी मैदानी अधिकारियों को बकाया राशि वसूली करने, भू-राजस्व संहिता के अंतर्गत सी-फार्म एवं कुर्की करने एवं बैंक खाते सीज करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। कंपनी ने यह भी निर्देश दिये हैं कि विजीलेंस द्वारा बनाये गये प्रकरणों में बकाया राशि की वसूली भी तेज की जाए। इसके अलावा ऑडिट द्वारा निकाली गई बकाया राशि और अन्य कारणों से बकाया राशि को उपभोक्ता के बिल में जो?कर राजस्व वसूली की जाए। यह भी निर्देश दिये गये हैं कि काटे गये कनेक्शनों की रात्रि में चेकिंग की जाए ताकि बकायादार उपभोक्ता अवैध रूप से बिजली का उपयोग न करें और यदि कोई उपभोक्ता ऐसा करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध बिजली अधिनियम-2003 की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण बनाया जाए। कंपनी ने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा है कि टीम भावना से कार्य कर लक्ष्य की प्राप्ति करें।


भारत सरकार
सबके लिए, सब जगह सुलभ होतीं
आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं
धन्वंतरि जयंती के शुभ अवसर पर
प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी
द्वारा
(वर्चुअल माध्यम से)
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
₹961 करोड़ की लागत के
मंदसौर, नीमच एवं सिवनी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों का
लोकार्पण
एवं
शासकीय नर्सिंग महाविद्यालयों
(मंदसौर, शिवपुरी, राजगढ़, रतलाम और खण्डवा) का
भूमिपूजन
#MPKoModiJiKiSaugat
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
द्वारा
मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत
81 लाख से अधिक किसानों को
₹1624 करोड़ की
सहायता राशि का अंतरण
राज्य स्तरीय नवम् आयुर्वेद दिवस का आयोजन एवं
512 आयुर्वेद चिकित्सा
अधिकारियों को
नियुक्ति पत्र वितरण
29 अक्टूबर, 2024 । पूर्वाह्न 11:00 बजे । मंदसौर, मध्यप्रदेश
#मुख्यमंत्री_किसान_कल्याण_योजना_MP
D-11093/24
सीधा प्रसारण
https://pmindiawebcast.nic.in/
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

## संपादकीय

# समझदारी भरे कदम

दुनिया में इन दिनों बहुत तेजी से अलग-अलग देशों और खेमों में पुराने समीकरण नई शक्ल ले रहे हैं। संबंधों के आयाम बदल रहे हैं, इसी कडी में अब भारत और जर्मनी के बीच बहुस्तरीय सहयोग के नए तैयार होते रास्ते अहम हैं। जर्मनी और भारत के सातवें अंतर-सरकारी परामर्श यानी आइजीसी के आयोजन के दौरान दोनों देशों के बीच संबंधों का जो नया अध्याय खुला है, उससे काफी उम्मीदें लगाई जा रही हैं। यह सही है कि आर्थिक और सामरिक स्तर पर विश्व में कई स्तर पर खींचतान, तनाव और टकराव का माहौल चल रहा है और ऐसे में खासतौर पर भारत जैसे किसी देश के लिए सहयोग के मोर्चे तैयार करना एक कठिन चुनौती है। मगर इसी दौर में यह भी साबित हुआ है कि कुछ युद्धों और अन्य कारणों से दुनिया के ज्यादातर देश अपनी सुविधा के ध्रुवों में बंट रहे हैं, उसमें भारत अलग-अलग देशों के साथ अपने संबंधों को व्यावहारिकता और जरूरत की कसौटी पर तय कर रहा है। गौरतलब है कि जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ भारतीय प्रधानमंत्री की बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच कई मोर्चों पर सहयोग की घोषणा की गई। इसमें कई संधियों पर हस्ताक्षर किए जाने के साथ-साथ द्विपक्षीय रिश्तों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया गया। भारत में बेरोजगारी की समस्या आम है तो जर्मनी में कुशल कामगारों की कमी है। इस लिहाज से देखें तो द्विपक्षीय बातचीत में जर्मनी में भारत के कुशल कामगारों की बती मांग और यहां के प्रशिक्षित श्रमिकों के लिए वार्षिक वीजा की संख्या बीस हजार से बड़ा कर नब्बे हजार करने पर बनी सहमति काफी मायने रखती है। ताजा बैठक में रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में भारत की भूमिका का भी जिक्र हुआ, लेकिन लगता है कि इस मामले में भारत ने बहुत सधे कदमों के साथ जिस तरह एक संतुलित रुख अख्तियार किया है, उसे दूसरे देश भी समझ रहे हैं। मसलन, रूस और यूक्रेन युद्ध में भारत और जर्मनी की राय अलग-अलग है। एक ओर, जर्मनी खुलकर रूस के रुख को दुनिया की चिंता का कारण बताता है, वहीं भारत साफतौर पर युद्ध की निरर्थकता को रेखांकित करता है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। वैश्विक परिदृश्य में जर्मनी के सामने अपने पक्ष को लेकर जिस तरह की चुनौतियां हैं, उसमें भारत से भी उसे अपना साथ देने की उम्मीद होगी। मगर भारत का अपना पक्ष है और जर्मनी शायद इसे समझता है। यही वजह है कि कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए जो भी बातचीत हुई, उस पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। व्यापार और सामरिक साझेदारी के मोर्चे पर महत्त्वपूर्ण बातचीत के अलावा तकनीक, कौशल विकास, कृत्रिम बुद्धिमता, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा से लेकर खुफिया जानकारी साझा करने जैसे कई मुद्दों पर सहयोग की घोषणा से स्पष्ट है कि कुछ मसलों पर मतभिन्नता के बावजूद जर्मनी और भारत एक नए रास्ते की ओर बढ़ रहे हैं। हालांकि यह देखना होगा कि मुक्त व्यापार पर विश्व व्यापार संगठन की व्यवस्था को मानने के मसले पर किस हद तक सहमति बन पाती है। फिलहाल वैश्विक स्तर पर भू-राजनीति के जैसे दांव-पेच चल रहे हैं, उसमें स्वाभाविक ही भारत के लिए थोड़ी संवेदनशील स्थिति है। मगर इस मामले में भारत ने जिस तरह सावधानी के साथ कदम बढ़ाए हैं, उसमें जर्मनी के साथ सहयोग का नया अध्याय भी इसका एक ठोस उदाहरण है। भारत के लिये अपनी आंतरिक जरूरतों को देखते हुए यही सही भी लगता है।

अपने हाल में आगे बढ़ती जिंदगी को इंसान के हालात से कोई फर्क नही पड़ता बल्कि वहां हमें भी आगे बढ़ना पड़ता है

## आज का इतिहास

- 1227 खलीफा अल-आदिल की हत्या की गई।
- 1725 अर्जेंटीना में रोजारियो की स्थापना की
- 1779 अमेरिकी क्रांति जेम्स विल्सन और उनके सहयोगियों को एक भीड़ के बाद खुद का बचाव करने के लिए लागू किया गया था, निर्वासन से 23 लोगों के अपने सफल कानूनी अपराध से नाराज होकर, अपने घर पर धर्मान्तरित कर दिया, जिससे इंसिक्स की मौत हो गई।
- 1779 जेम्स विल्सन और अन्य लोगों के खिलाफ फिलाडेल्फिया में द फोर्ट विल्सन दंगे हुए।
- 1824 मेक्सिको ने अपने पहले संविधान को लागू किया, राष्ट्र को अफ्रीकी गणराज्य के रूप में परिभाषित किया।
- 1824 मेक्सिको एक गणतंत्र राज्य बन गया।
- 1830 नीदरलैंड से अलग होकर बेल्जियम साम्राज्य बना।
- 1830 अस्थायी सरकार ने नीदरलैंड से बेल्जियम की अलगाव की घोषणा
- 1832 बावेरिया के राजकुमार ओटो, राजा लुडविग का दूसरा पुत्र, यूरोप की प्रमुख शक्तियों द्वारा ओथॉन बनने के लिए चुना गया, जो यूनानी राष्ट्र के स्वतंत्रता के पुनर्मूल्यांकन के बाद ग्रीस का पहला राजा था।
- 1862 कुरिन्थ का युद्ध समाप्त किया गया।
- 1876 टेक्सास ए एंड एम; अमेरिका के टेक्सास राज्य में पहली सार्वजनिक शिक्षण संस्थान के रूप में विश्वविद्यालय खोला गया।
- 1880 कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय की स्थापना लॉस एंजिल्स में की गई
- 1895 पहला यू.एस. ओपन गोल्फ टूर्नामेंट न्यूपोर्ट कंट्री क्लब में न्यूपोर्ट, रोड आइलैंड में नौ-होलकोर्स पर आयोजित किया गया था।
- 1910 पुर्तगाल के अंतिम राजा मैनुएल जब लिस्बन में क्रांति हुई और अगले दिन पुर्तगाली फ़र्स्टएप रिपब्लिक की घोषणा की गई तो गिब्राल्टर भाग गए।
- 1917 प्रथम विश्व युद्ध- अंग्रेजों ने ब्रूडोस्सिंडे की लड़ाई में जर्मन रक्षा को तबाह कर दिया।

## निशाना

### जगमग-जगमग



हर घर, हर दर, बाहर, भीतर,
नीचे ऊपर, हर जगह सुघर,
कैसी उजियाली है पग-पग,
जगमग जगमग जगमग
जगमग !
छज्जों में, छत में, आले में,
तुलसी के नन्हें थाले में,
यह कौन रहा है दृग को ठग?
जगमग जगमग जगमग
जगमग !
पर्वत में, नदियों, नहरों में,
प्यारी प्यारी सी लहरों में,
तैरते दीप कैसे भग-भग !
जगमग जगमग जगमग
जगमग !

- सोहनलाल द्विवेदी

# जटिल और अनूठी है अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया

■ जयसिंह रावत

मुविश्व के सबसे शक्तिशाली देश संयुक्त राज्य अमेरिका के सबसे शक्तिशाली पद राष्टपति के लिये देश का 60वां चुनाव अगामी 5 नवम्बर मगंलवार को होने जा रहा है। चूकि अमरीकी राष्टपति सारी विश्व व्यवस्था को प्रभावित करता है इसलिये सारा विश्व बेसब्री से इंतजार कर रहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प और कमला हैरिस में से कौन अगले चार सालों के लिये दुनियां को हांकने जा रहा है।आगामी 5 नवम्बर को प्रत्येक राज्य और कोलंबिया जिले के मतदाता निर्वाचक मंडल के लिए निर्वाचकों का चयन करेंगे, जो फिर चार साल की अवधि के लिए राष्टपति और उपराष्टपति का चुनाव करेंगे। भारत के संसदीय लोकतंत्र से भिन्न अमेरिका की राष्टपति चुनाव प्रणाली एक जटिल और अनूठी प्रक्रिया है। संविधान के अनुसार यह प्रणाली प्राइमरी, राष्टीय सम्मेलन और इलेक्टोरल कॉलेज के विभिन्न चरणों से गुजरेगी। भारत में सामान्यतः पार्टी नेतृत्व मतदाताओं पर प्रत्याशी थोपते हैं लेकिन अमेरिका में उम्मरदवारी के लिये भी चुनाव जीतना होता है। अमरीकी राष्टपति पद की राह प्राइमरी और कॉकस से शुरू होती है, जो प्रत्येक राज्य में आयोजित की जाती है। ये चुनाव और बैठकें उन प्रतिनिधियों का चयन करने के लिए होती हैं जो पार्टियों के राष्टीय सम्मेलनों में उम्मीदवारों का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह प्रक्रिया, आमतौर पर चुनावी वर्ष के जनवरी से लेकर गर्मियों के मध्य तक चलती है। प्राइमरी के लिये प्रत्यक्ष चुनाव होते हैं जिसमें पंजीकृत मतदाता अपने पसंदीदा उम्मीदवार के लिए मतदान करते हैं। प्राइमरी खुली हो सकती है (जिसमें पार्टी से जुड़े सभी मतदाताओं को भाग लेने की अनुमति होती है) या फिर केवल पंजीकृत पार्टी सदस्यों तक सीमित हो सकती है। इसी तरह कॉकस स्थानीय सभाओं या बैठकों की तरह होते हैं, जहां पार्टी के सदस्य खुलकर चर्चा करते हैं और अपने पसंदीदा उम्मीदवार के लिए वोट करते हैं। वे आम तौर पर कम औपचारिक होते हैं और उनमें सामुदायिक चर्चाएँ शामिल होती हैं। प्राइमरी और कॉकस का लक्ष्य राष्ट्रीय पार्टी सम्मेलनों के लिए प्रतिनिधियों का चयन करना है। एक उम्मीदवार द्वारा जीते गए प्रतिनिधियों की संख्या अक्सर राज्य के नियमों पर निर्भर करती है, कुछ राज्य आनुपातिक रूप से प्रतिनिधियों को तय करते हैं और अन्य विजेता-सभी-ले-जाओ प्रणाली का उपयोग करते हैं। प्राइमरी और कॉकस के बाद प्रत्येक पार्टी (मुख्यतः डेमोक्रैट और रिपब्लिकन) आम चुनाव से पहले गर्मियों में एक राष्टीय सम्मेलन आयोजित करती है। इन सम्मेलनों का उद्देश्य राष्टपति और उपराष्टपति के लिए आधिकारिक रूप से पार्टी उम्मीदवार को नामित करना। सम्मेलन का उद्धेश्य पार्टी प्लेटफॉर्म में देश के लिए पार्टी की नीतियों और लक्ष्यों को रेखांकित करना और अक्सर विवादास्पद प्राथमिक सत्रों के बाद पार्टी को एकजुट करना होता। सम्मेलन में प्रतिनिधि प्राइमरी और कॉकस के परिणामों के आधार पर अपने समर्थित उम्मीदवार के लिए वोट देते हैं। एक बार जब कोई उम्मीदवार प्रतिनिधियों का बहुमत हासिल कर लेता है तो वह आधिकारिक तौर पर पार्टी का उम्मीदवार बन जाता है।

अमेरिकी राष्टपति चुनाव में राष्टीय सम्मेलनों के बाद प्रत्येक पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार आम चुनाव के लिए अपना अभियान शुरू करते हैं। इस चरण में चुनावी बहसें, प्रचार अभियान और विज्ञापन प्रचार शामिल होता है। परम्परानुसार चुनावी वर्ष में राष्टपति और उप-राष्टपति पद की बहसें शरद ऋतु में आयोजित की जाती हैं जिससे उम्मीदवारों को अपनी नीतियों को प्रस्तुत करने और अपने विरोधियों को चुनौती देने का अवसर मिलता है। इसी दौर में उम्मीदवार अपने समर्थकों को एकजुट करने, मीडिया में आने और धन जुटाने के लिए पूरे देश में यात्रा करते हैं। इस चुनाव में पारंपरिक और डिजिटल विज्ञापन दोनों ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि उम्मीदवार अपने संदेशों के साथ मतदाताओं तक अपना लक्ष्य और कार्यक्रम रखते हैं। आम चुनाव अभियान एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी अवधि होती है जहाँ उम्मीदवार अनिर्णीत मतदाताओं को जीतने की कोशिश करते हैं। अन्य अमेरिकी चुनावों में मतदाताओं द्वारा उम्मीदवारों का चुनाव सीधे लोकप्रिय वोट से होता है। लेकिन राष्टपति और उपराष्टपति का चुनाव सीधे नागरिकों द्वारा नहीं किया जाता। इसके बजाय उन्हें इलेक्टोरल कॉलेज (निर्वाचक मंडल) प्रक्रिया के माध्यम से चुना जाता है। प्रत्येक राज्य को उतने ही निर्वाचक मिलते हैं जितने उसके पास कांग्रेस (हाउस और सीनेट) के सदस्य हैं। उदाहरण के लिए, सबसे अधिक आबादी वाले राज्य कैलिफोर्निया में 55 इलेक्टर (53 प्रतिनिधि और 2 सीनेटर) हैं, जबकि व्योमिंग जैसे छोटे राज्यों में 3 इलेक्टर (1 प्रतिनिधि और 2 सीनेटर) हैं। वाशिंगटन, डीसी के तीन इलेक्टर को मिलाकर, वर्तमान में कुल 538 इलेक्टर हैं और राष्टपति बनने के लिए किसी उम्मीदवार को 270 निर्वाचक मतों का बहुमत जीतना होता। आगमी 5 नवम्बर को चुनाव के दिन संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार सभी नागरिक अपने पसंदीदा राष्टपति उम्मीदवार को सीधे वोट देने के बजाय तकनीकी रूप से वे अपने पसन्दीदा उम्मीदवार के लिए प्रतिबद्ध निर्वाचक के स्लेट के लिए वोट करेंगे। फिर दिसंबर में इलेक्टर राष्टपति और उपराष्टपति के लिए वास्तविक वोट डालने के लिए अपने-अपने राज्यों में मिलेंगे। निर्वाचकों में 435 सदस्य प्रतिनिधि सभा से, प्रत्येक राज्य से दो-दो सीनेटर और 3 निर्वाचक कोलंबिया जिले से चुने जाते हैं। अधिकांश राज्यों में लोकप्रिय वोट जीतने वाले उम्मीदवार को राज्य के सभी इलेक्टोरल वोट मिलते हैं (विजेता-सभी-लेता-है प्रणाली), मेन और नेब्रास्का को छोड़कर, जो अपने वोट आनुपातिक रूप से आवंटित करते हैं। इलेक्टोरल कॉलेज




सिस्टम की वजह से स्विंग स्टेट्स (जिन्हें बैटलग्राउंड स्टेट्स भी कहा जाता है) चुनाव के नतीजे को प्रभावित करने में एक बड़ी भूमिका निभाते हैं। ये ऐसे राज्य हैं जहाँ वोट रिपब्लिकन या डेमोक्रेट किसी के भी पक्ष में जा सकते हैं। उम्मीदवार अक्सर अपने अभियान के ज्यादातर प्रयासों को इन राज्यों पर केंद्रित करते हैं, क्योंकि उन्हें चुनाव जीतने के लिये 270 इलेक्टोरल वोट हासिल करने बहुत जरूरी हैं। ऐतिहासिक रूप से फ्लोरिडा, पेंसिल्वेनिया, मिशिगन, विस्कान्सिन ऐरिजोना और जार्जिया जैसे स्विंग स्टेट्स राष्टपति चुनावों में निर्णायक रहे हैं। इन राज्यों में राजनीतिक संतुलन चुनाव दर चुनाव बदल सकता है जिससे वे अप्रत्याशित और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बन जाते हैं। राष्टपति पद का फैसला अंततः इलेक्टोरल वोट द्वारा किया जाता है। चुनाव दिवस पर देश भर के मतदाता अपने मतपत्र तो डालते हैं लेकिन परिणाम आधिकारिक तौर पर तब तक अंतिम रूप नहीं दिए जाते जब तक कि इलेक्टोरल कॉलेज की बैठक नहीं हो जाती। जबकि लोकप्रिय वोट महत्वपूर्ण हैं। यदि किसी भी उम्मीदवार को इलेक्टोरल वोटों (270) का बहुमत प्राप्त नहीं होता है, तो प्रतिनिधि सभा चुनाव का फैसला करती है। जिसमें प्रत्येक राज्य प्रतिनिधिमंडल के पास एक वोट होता है। ऐसी स्थिति अमेरिकी इतिहास में केवल कुछ ही बार आयी है। नव निर्वाचित राष्टपति का उद्घाटन अगले वर्ष 20 जनवरी को उस दिन होगा जिसे उद्घाटन दिवस के रूप में जाना जाता है। अमेरिकी राष्टपति चुनाव प्रणाली, विशेष रूप से इलेक्टोरल कॉलेज, को पिछले कुछ वर्षों में आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। आलोचकों का मानना है कि लोकप्रिय वोट और इलेक्टोरल वोट के बीच विसंगतियों के कारण किसी उम्मीदवार के लिए राष्टीय लोकप्रिय वोट जीते बिना राष्टपति पद जीतना संभव है, जैसा कि 2000 और 2016 के चुनावों में हुआ था। इससे कुछ लोगों का तर्क है कि इलेक्टोरल कॉलेज पुराना और अलोकतांत्रिक है। आलोचकों का यह भी तर्क है कि इलेक्टोरल कॉलेज कुछ स्विंग राज्यों को बहुत अधिक शक्ति देता है, जिससे अधिकांश राज्य चुनाव में कम प्रासंगिक हो जाते हैं। यह प्रणाली दो-पक्षीय प्रणाली का बहुत अधिक समर्थन करती है, जिससे तीसरे पक्ष के उम्मीदवारों के लिए चुनावी वोट जीतना या परिणाम को प्रभावित करना मुश्किल हो जाता है। इन आलोचनाओं के बावजूद, इलेक्टोरल कॉलेज अमेरिकी राष्टपति चुनाव प्रणाली की आधारशिला बना हुआ है, और इस प्रक्रिया में किसी भी महत्वपूर्ण बदलाव के लिए संवैधानिक संशोधन की आवश्यकता होगी।

**- साभार यह लेखक के निजी विचार हैं।**

# नारी शक्ति के उजाले का प्रतिष्ठा पर्व

■ डॉ. मोनिका शर्मा

सामाजिक-पारिवारिक मेलजोल की उमंगों को लिए रोशनी का उत्सव दिवाली, स्त्री शक्ति के उजास का पर्व भी है। असल में ज्ञान और धन जीवन से जुड़े सबसे अहम पक्ष हैं। जीवन को सार्थक बनाने के लिए ज्ञान और सहज-सुखी जिंदगी के लिए धन आवश्यक है। इतना ही नहीं, समाज के लिए सार्थक कार्य करने की सोच को धरातल पर उतारने के लिए भी समझ की सही दिशा और विवेक जरूरी है। वहीं बेहतरी के इन प्रयासों को बल देने के लिए आर्थिक सबलता भी एक अहम पहलू है। उजास के इस पर्व पर मां सरस्वती और देवी लक्ष्मी की आराधना की जाती है। पूजन-अर्चन से जुड़ी यह रीत आम जीवन में भी स्त्री शक्ति के सम्मान के महत्व को रेखांकित करती है। दीपावली के त्योहार पर प्रथम पूज्य श्री गणेश के साथ मां लक्ष्मी और ज्ञान की देवी सरस्वती के पूजन का विधान है। यह रिवाज स्त्री के संवेदनशील हृदय में भरे विवेक और गृहलक्ष्मी के रूप में परिवार को सहेजने-संभालने के गुणों को ही प्रतिबिंबित करता है। परिवार में स्त्रियां धुरी के समान बहुत कुछ थामे रहती हैं तो समाज में जुड़ाव को पोसती हैं। मेलजोल के मानस से लेकर अपनों की मनुहार और सही मार्गदर्शन तक, महिलाएं आत्मज्ञान और सजगता की वाहक रही हैं। नयी पीड़ी में भी इन गुणों को स्त्रियां भी पोसती हैं। इतना ही नहीं, दिवाली पर बंगाल में देवी के काली रूप की भी उपासना की जाती है। माता काली दुष्टों का नाश करने वाली शक्ति के रूप में पूजी जाती हैं। साहस और वीरता की प्रतीक हैं। साथ ही भगवान राम के चौदह वर्ष के वनवास उपरांत अयोध्या लौटने से जुड़ा यह उत्सव माता सीता के व्यक्तित्व को समझने-जानने का भी पर्व है। उनकी सशक्त, संयमित और बुराई के आगे ना झुकने की शक्ति को प्रतिबिम्बित करता है। भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है तो माता सीता भी आदर्श बेटी, आदर्श पत्नी और एक आदर्श मां के रूप में पूजनीय हैं। यही वजह है कि उजास का यह पर्व आध्यात्मिक, धार्मिक, परम्परागत और व्यावहारिक जीवन में सशक्त स्त्रीमन के आलोक के मायने समझाता है। महिलाओं के मन-जीवन में सदा से बसी मानवीय उजास का मान करने की सीख देता है। दैवीय स्वरूप में पूजने वाले समाज को वास्तविक धरातल पर स्त्रियों के सम्मान का पाठ पड़ाता है।



स्त्रियों के विवेकशील व्यक्तित्व की सहज स्वीकार्यता आज भी नदारद है। दीपपर्व, मां शारदा की उपासना के रिवाज के माध्यम से महिलाओं के ज्ञान को मान देने का भी संदेश देता है। वाणी और कला की देवी सरस्वती की अर्चना अपनी कलात्मक सोच से घर-आंगन संवारती महिलाओं के श्रम के मान का भाव लिए है। चेतना और बुद्धि-चातुर्य की देवी सरस्वती का स्मरण सहज जीवन में भी महिलाओं के गुणों की अनदेखी न करने से जुड़ा है। विद्या और विवेक की देवी का पूजन स्त्रियों को घर के भीतर ही नहीं, बाहर भी कमतर समझने की पुरातनपंथी सोच को खारिज करने की उजासमयी रीत है। यूं भी यह पर्व अज्ञान के अंधेरे पर ज्ञान रूपी प्रकाश की जीत का ही उत्सव है। आज भी कभी उपहास तो कभी धीर-गंभीर तानेबाजी, स्त्रियों की विवेकशील सोच को लेकर बहुत कुछ कहा जाता है। असल में विवेकशील होने का मतलब ही है किसी भी परिस्थिति में सही निर्णय करने की समझ रखना। विवेक यानि मन-मस्तिष्क की वह भीतरी शक्ति जो भले-बुरे का अंतर करने का आधार बने। ऐसा दृष्टिकोण को जीवन मूल्यों व जवाब देही को साथ लेकर चले। हमारे समाज में महिलाएं बहुत सी बातों को लेकर ऐसा ही सधा दृष्टिकोण और दायित्व-बोध रखती हैं। ऐसे में दीपोत्सव के उजास में मां सरस्वती की उपासना का रिवाज स्त्रियों के बुद्धि-चातुर्य का सम्मान करने का भी संदेश लिए है।

**आर्थिक चमक की पोषक:** स्त्रियां जीवन में प्रकाश की वाहक बनती हैं। प्रकाश, भीतरी हो या बाहरी, इंसान को सही मार्ग दिखाता है। मनोबल बड़ाता है। ऊर्जा को पोसता है। ऐसे में प्रकाश फैलाने वाली स्त्रियों की शक्ति तो बहुत कुछ थामे हुए है। आज हर वर्ग में बड़ती कामकाजी स्त्रियों की संख्या घर ही देश की आर्थिकी को बल देने में भी अहम भूमिका निभा रही है। यहां तक कि गृहिणियां भी अपने घर की समृद्धि की चमक कायम रखने में कोई कसर नहीं छोड़तीं। असल में धन बचाना या किफायत से खर्च करना भी कमाना ही है। घर तक सिमटी महिलाएं भी परिवार को आर्थिक मजबूती देने वाली हैं। दीपोत्सव से जुड़ी अहम रीत लक्ष्मी पूजन की है। लक्ष्मी शुभता का प्रतीक भी मानी जाती हैं। लक्ष्मी शब्द का अर्थ लक्ष्य पूरा करने या जीवन भर साथ रहने से भी जुड़ा है। जिसका अर्थ है कि धन से मनोरथ पूरे हों और आजीवन घर-परिवार में समृद्धि बनी रहे। हमारे देश में तो बेटी को भी लक्ष्मी कहे जाने का रिवाज है। पत्नी की गृहलक्ष्मी कहा जाता है। स्त्रियों के साथ-स्नेह को परिवार की समृद्धि से जोड़ा गया है। मौजूदा दौर में धन-वैभव भी बड़ी शक्ति है। शुभता के मार्ग पर चलते हुए इस शक्ति को पाना और ज्ञान से साथ उपयोग करना हर तरह से सुखदायी होता है। हमारे देश की स्त्रीशक्ति कमाने, बचाने और सहेजने तक, हर स्तर पर इस आर्थिक चमक को पोसती आई है।

**- साभार**

# कलेक्टर के फर्जी हस्ताक्षर सील से आदिवासियों की जमीन बेच डाली

## फर्जी और कूट रचित दस्तावेज के आधार पर नामांतरण भी कर डाला

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश शासन नें प्रदेश में आदिवासी वर्ग (अनुसूचित जनजाति) के भूमिस्वामियों की भूमि को गैर आदिवासियों के पक्ष में विक्रय के लिये मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता की धारा 165 में प्रावधान किये हैं, जिसके अंतर्गत आदिवासी भूमिस्वामी को अपनी भूमि गैर आदिवासी को बेचनें के लिये कलेक्टर से विधिवत अनुमति प्राप्त करना होती है, एवं कलेक्टर की अनुमति के आधार पर ही पंजीयक के द्वारा आदिवासी वर्ग के भूमिस्वामियों की भूमि को किसी गैर आदिवासी व्यक्ति के पक्ष में विक्रयपत्र का पंजीयन किया जाता है, परंतु तहसील सिवनी मालवा के ग्राम सीरूपुरा में तीन आदिवासी कृषकों की भूमि को गैर आदिवासियों के पक्ष में बिना कलेक्टर की अनुमति के विक्रय कर दिया गया। जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय सिवनी मालवा में हुआ एवं तहसीलदार सिवनी मालवा के न्यायालय से भी क्रेताओं के पक्ष में नामांतरण भी कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि जिन दस्तावेजों के आधार पर भूमि के विक्रय का पंजीयन एवं नामांतरण हुआ है, वे पूर्णतः फर्जी एवं कूटरचित हैं, तथा फर्जी अनुमति पर कलेक्टर नर्मदापुरम के फर्जी हस्ताक्षर, फर्जी सील एवं अनुमति के प्रकरण क्रमांक एवं जावक क्रमांक भी फर्जी दर्शाये गये हैं। कलेक्टर के संज्ञान में आने पर कलेक्टर द्वारा इस कूटरचित एवं फर्जी दस्तावेज तैयार करनें एवं उसके आधार पर भूमि के विक्रय एवं नामांतरण के लिये दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध विधिक आपराधिक कार्यवाही के लिये पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम को लिखा गया है तथा उप पंजीयक सिवनी मालवा को भी आपराधिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। इस पूरे मामले में हल्का पटवारी नरेन्द्र सोलंकी को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### इन तीन आदिवासियों की जमीन बेच डाली..

1- भूमि स्वामी पुष्पेंद्र सिंह बडकुड पिता राजेन्द्र सिंह बडकुड निवासी रेल्वे गेट के पास बनापुरा की भूमि खसरा नंबर 12 रकबा 4.465 हैक्टर में से 2.235 हैक्टर जिसे श्रीमती प्रेरणा खण्डेलवाल पत्नि शिखर खण्डेलवाल निवासी जैन मंदिर के पास सिवनी मालवा द्वारा क्रय की जाकर नामांतरण कराया गया है।

2- भूमि स्वामी पुष्पेंद्र सिंह बडकुड पिता राजेन्द्र सिंह बडकुड निवासी रेल्वे गेट के पास बनापुरा की भूमि खसरा नंबर 12 रकबा 4.465 हैक्टर में से 2.230 हैक्टर जिसे श्रीमती सोनाली खण्डेलवाल पत्नि खंडेलवाल निवासी जैनमंदिर के पास सिवनी मालवा द्वारा कय की जाकर नामांतरण कराया गया है।

3- भूमि स्वामी श्रीमना बाई बडकुड पत्नि राजेन्द्र सिंह बडकुड निवासी रेल्वे गेट के पास बनापुरा की भूमि खसरा नंबर 38/2 रकबा 3.400 हैक्टर जिसे अनुराग जलखरे पिता नारायण प्रसाद जलखरे निवासी सुभाष वार्ड बनापुरा द्वारा क्रय की जाकर नामांतरणा कराया गया है।

# देश में पीएम जन-मन में 118 पीवीटीजी बहुल गांव बन रहे आदर्श

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

**ग्राम जिले में 5 पीवीटीजी बहुल गांव आदर्श ग्राम के रूप में किए जा रहे हैं तैयार**

प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जन-मन) योजना में प्रदेश में विशेष रूप से कमजोर और पिछड़े जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के समग्र कल्याण के लिये तेजी से काम जारी है। प्रदेश के 24 जिलों में निवासरत बैगा, भारिया एवं सहरिया जनजातियां पीवीटीजी में आती हैं। पीएम जन-मन में इन 24 जिलों के 118 पीवीटीजी बहुल गांव को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के लिये चुना गया है। चयनित आदर्श ग्रामों में सरकार द्वारा विभिन्न श्रेणी के अधोसंरचना विकासमूलक कार्यों सहित सभी प्रकार के कल्याण कार्यक्रमों का तेजी से क्रियान्वयन किया जा रहा है।

पीएम जन-मन योजना में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा कुल 118 पीवीटीजी बहुल गांव को मॉडल विलेज बनाकर इनमें सभी प्रकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन कर यहां आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है। योजना में छिंदवाड़ा एवं डिंडोरी जिले में 7-7 एवं कटनी में 6 पीवीटीजी बहुल गांव आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किये जा रहे हैं। रायसेन, विदिशा, अनूपपुर, अशोकनगर, उमरिया, गुना, ग्वालियर, जबलपुर, दतिया, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, मुरैना, शहडोल, शिवपुरी, श्योपुर, सिंगरौली, सिवनी एवं सीधी जिले में 5-5 पीवीटीजी बहुल गांव, आदर्श ग्राम के रूप में तैयार किये जा रहे हैं। इसी क्रम में मैहर जिले के 2 एवं भिण्ड जिले के एक गांव को भी आदर्श ग्राम बनाया जा रहा है।

### सड़क रेस्टोरेशन के कार्य समय पर पूर्ण किए जाएं

# योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए : सांसद

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**



केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं का धरातल पर बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। निर्माण कार्य समय और गुणवत्ता हो। यह निर्देश सांसद एवं अध्यक्ष जिला विकास एवं निगरानी समिति (दिशा) दर्शन सिंह चौधरी ने सोमवार को कलेक्टोरेट कार्यालय में आयोजित जिला विकास एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में अधिकारियों को दिए। सांसद नर्मदापुरम श्री दर्शन सिंह चौधरी ने कहा है कि नर्मदापुरम जिले में हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के समय पर मिले यह सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी पूरी गंभीरता और तन्मयता से जनहित में कार्य करें। उन्होनें कहा है कि प्रत्येक विभाग जनसामान्य के लिए किये जाने वाले कार्यों एवं योजनाओं के अंतर्गत किये पत्रचार से संबंधित विधायकगणों को भी सूचित किया जाना सुनिश्चित करें। सांसद श्री चौधरी ने दिशा (जिला विकास एवं निगरानी समिति) की बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की।

सांसद श्री सिंह ने शिक्षा विभाग अंतर्गत शासन की योजनाओं एवं जिले की शासकीय शालाओं की संख्या एवं उसमें नामांकन तथा दर्ज बच्चों की संख्या, निशुल्क साइकिल, पाठ्य पुस्तक एवं गणेश वितरण जिले में निर्माणाधीन पीएम श्री एवं सी एम राइस स्कूल की प्रगति आदि की समीक्षा की। बैठक में नर्मदापुरम विधायक डॉ सीता सरन शर्मा ने नर्मदापुरम के सीएम राइस स्कूलों की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। इसी प्रकार विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह द्वारा आंचलखेड़ा में पीएम श्री स्कूल के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण किए जाने की बात कही। उन्होंने सांगा खेड़ा कला में ग्राम वासियों द्वारा स्कूल निर्माण के लिए भूमि दान किए जाने के संबंध में सांसद श्री चौधरी को अवगत कराया तथा उन्होंने कहा है कि इस संबंध में प्रशासन द्वारा भी आवश्यक कार्यवाही शीघ्र ही संपन्न की जाए। सांसद श्री चौधरी ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया है कि विद्यालय एवं शिक्षा से जुड़े अन्य विषयों एवं समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। सांसद श्री चौधरी ने कहा है कि निराकरण में किसी भी प्रकार की रूकावट होने पर उन्हें अवगत कराए जिससे वे उनके स्तर पर उस समस्या समाधान के लिए शासन तक अपनी बात पहुंचा सके। उन्होने कहा कि सीएम राइज स्कूल के भवन निर्माण संबंधी मुद्दों का भी शीघ्र निराकरण करे तथा स्कूलों का प्रभावी ढंग से संचालन किया जाए। उन्होनें नर्मदापुरम जिले में प्रस्तावित पीएम श्री स्कूल के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश शिक्षा विभाग को दिए।

बैठक के दौरान कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए सांसद श्री चौधरी ने रबी 2024 25 अंतर्गत निजी एवं सहकारी संस्थाओं की अध्ययन उर्वरक भंडारण तथा वितरण संबंधी जानकारी एवं वर्तमान में जिले में खाद की उपलब्धता एवं आगामी दिवसों में जिले में लगने वाली उर्वरकों की रैक की जानकारी की भी समीक्षा की। सांसद श्री चौधरी ने निर्देश दिए है कि विस्थापन क्षेत्र के ग्रामों में समिति के माध्यम से खाद्य वितरण करवाए जाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। जिन किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत राशि वितरित की गई है उन किसानों की सूची विधायक गणों एवं जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने बागरा तवा रैक प्वाइंट पर उर्वरकों के लिए रैक्स लगाए जाने के संबंध में शासन को पत्र लिखे जाने के लिए कृषि विभाग को निर्देशित किया। उन्होनें बैठक में उपस्थित सभी विधायकों द्वारा टेक्निकल उपार्जन केन्द्र बनायो जाने के लिए दिये सुझाव के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सुझाव अनुसार ऐसे उपार्जन केन्द्र बनाये जाऐं जिनकी दूरी ज्यादा न हो तथा किसान भाईयों को आगामी उपार्जन के समय अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। सांसद श्री चौधरी ने मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम अंतर्गत रेस्टोरेशन की जाने वाली तथा नवीनीकरण के लिए चिन्हित सड़कों की वस्तु स्थिति की समीक्षा करते हुए नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा है कि वर्तमान में जिले की अधिकतर सड़कों की स्थिति ठीक नहीं है। बैठक के दौरान विधायक गणों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में सड़कों के मरम्मतीकरण के संबंध में सांसद श्री चौधरी को अवगत कराया।

विधायक नर्मदापुरम द्वारा बताया गया कि शहर में लगभग 400 मीटर से लेकर 500 मीटर तक सड़कों का चौड़ीकरण एवं मरम्मती कारण कार्य किया जाना है जिसके लिए एमपी आरडीसी को पत्र द्वारा सूचित भी किया जा चुका है। इसी प्रकार सोहागपुर विधायक श्री विजयपाल सिंह ने प्रस्तावित पिपरिया नर्मदापुरम सड़क के नवीनीकरण के संबंध में शोभापुर सोहागपुर अंतर्गत सड़कों के चौड़ीकरण किए जाने के लिए कहा। विधायक पिपरिया ठाकुरदास नागवंशी ने कहा है कि विभाग द्वारा नर्मदा पिपरिया सड़क नवीनीकरण के संबंध में हनुमान मंदिर तक ही सड़क को नवीनीकरण के लिए चिन्हित किया गया है, इसके स्थान पर सिलारी चौराहे तक के शेष भाग को भी डीपीआर में शामिल कर सड़क नवीनीकरण करवाई जाए. बैठक के दौरान सांसद श्री चौधरी ने निर्देश दिए हैं कि सड़कों के नवीनीकरण एवं मरम्मती कारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

**नर्मदापुरम में स्थानीय दुकानदार मिट्टी के दीपक बेच रहे हैं**

# मिट्टी के दीपक पर्यावरण की दृष्टि से उपयुक्त होते हैं




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

वोकल फार लोकल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगर पालिका नर्मदापुरम एवं जिला प्रशासन द्वारा एसएनजी ग्राउंड में मिट्टी के दिए बनाकर बेचने वाले, श्रृंगार सामग्री, रंगोली एवं मिट्टी की मूर्तियां बेचने वाले स्थानीय दुकानदारों को निशुल्क स्थान दिया गया है। उल्लेखनीय है की मिट्टी के दिए पर्यावरण की दृष्टि से उपयुक्त होते हैं साथ ही इससे स्थानीय लोगों को स्वरोजगार प्राप्त होता है साथ ही कुम्हार समाज एवं स्व सहायता समूह के साथ ही स्थानीय युवाओं को भी स्वरोजगार प्राप्त होता है। इसके अलावा स्थानीय हुनर को बढ़ावा भी मिलता है। नर्मदापुरम शहर में एसएनजी ग्राउंड में ऐसे ही मिट्टी के दिए एवं बाती, श्रृंगार सामग्री, रंगोली, विभिन्न देवी देवताओं की मिट्टी की मूर्तियां तथा स्थानीय सामग्री से तैयार आइटम तैयार कर बेचने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें निशुल्क स्थान, बिजली, पानी उपलब्ध कराई गई है। एसएनजी ग्राउंड में अपनी मिट्टी के दिए बेचने आई अंजलि प्रजापति अपने मिट्टी के दिए की विशेषताएं बताती हैं। उनका कहना है कि आज भी पूजन में मिट्टी के दिए का अपना महत्व है। वे लोगों को वाजिब दर पर मिट्टी के दिए बेच रही हैं। वही आकाश राठौर 3 वर्ष से एक ही जगह पर दुकान लगा रहे हैं। उनका कहना है कि उनकी दुकान से लोग तरह-तरह की रंगोली खरीद कर ले जा रहे हैं। आकाश राठौर का कहना है कि इस बार व्यापार का विस्तार हुआ है और लोग उत्साह पूर्वक रंगोली खरीद रहे हैं । इससे उन्हें भी आय प्राप्त हो रही है। जयप्रकाश कहार मिट्टी से तैयार विभिन्न देवी देवताओं जैसे लक्ष्मी जी गणेश जी माता सरस्वती एवं भगवान शंकर की मूर्तियां लेकर आए हैं, वह कहते हैं कि इस बार प्रशासन द्वारा स्थानीय कार्यक्रम के लिए एवं दुकानदारों के लिए बेहतर व्यवस्था की गई है।

# सामान्य प्रेक्षक ने जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम एवं एमसीएमसी सेल का किया निरीक्षण

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक बीपी चौहान (आईएएस) ने बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के तहत कलेक्टर कार्यालय में बनाए गए मीडिया मॉनिटरिंग एवं सर्टिफिकेशन सेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेल में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार से संबंधित विज्ञापनों, पेड न्यूज, फेक न्यूज और आचार संहिता के उल्लंघन की सघन मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पैड न्यूज, फेक न्यूज और आचार संहिता के उल्लंघन की कोई सूचना या समाचार प्रकाशित व प्रसारित होने पर तत्काल संज्ञान में लाए, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सकें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक बीपी चौहान को विस्तार से जानकारी दी। सामान्य प्रेक्षक बीपी चौहान ने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने सी-विजिल, एनजीआरएस पोर्टल सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों तथा उन पर की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कन्ट्रोल रूम में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को पूरी सजगता एवं गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, श्री आनंद सिंह राजावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर** | त्यौहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के कलेक्टर, एसपी ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# त्यौहारों पर रहें मुस्तैद, सुदृढ़ रखें कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था : कलेक्टर, एसपी

**सीहोरा, दोपहर मेट्रो।**




आगामी दीपावली सहित अन्य त्यौहारों पर शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रहे, इसके दृष्टिगत कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला, एएसपी श्री गीतेश गर्ग तथा अनुभागों के राजस्व, पुलिस एवं संबंधित अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह एवं एसपी श्री शुक्ला ने त्यौहारों के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि त्यौहारों पर शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए गंभीरता से अपने क्षेत्रों की सतत् निगरानी करते रहें। सभी एसडीएम तथा एसडीओपी पुलिस समन्वय कर व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखें। सभी संवेदनशील तथा उपयुक्त स्थलों पर पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए। जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह, प्रभारी जिला पंचायत सीईओ एवं संयुक्त कलेक्टर श्री नितिन टाले संयुक्त कलेक्टर श्री वंदना राजपूत, श्री आनंद सिंह राजावत, एसडीएम जमील खान, श्रीमती स्वाति मिश्रा, श्री तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**असामाजिक तत्वों पर करें कार्रवाई:** कलेक्टर श्री सिंह तथा एसपी श्री शुक्ला ने कहा कि असामाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए सजग रहें। उन्होंने अवैध शराब के निर्माण, परिवहन तथा बिक्री पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने और उन पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**संवेदनशील क्षेत्रों पर रखें नजर:** कलेक्टर श्री सिंह एवं एसपी श्री शुक्ला ने कहा कि विगत वर्षों में जिन स्थानों पर घटनाएं हुईं हैं, उन सभी स्थानों को चिन्हित कर उनकी निगरानी की जाए। विशेषकर शरारती तत्वों और उपद्रव फैलाने वाले लोगों की पहचान कर जरूरी कार्यवाही की जाए।

**बाजार वाले स्थानों पर रखी जाए विशेष निगरानी:** कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह एवं एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने कहा कि दीपावली के अवसर पर नगरों तथा कस्बों के बाजारों में बहुत अधिक भीड़ होने के कारण चोरी की घटनाओं की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस तैनाती के साथ ही सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए।

**सोशल मीडिया पर रखें निगरानी:** कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द का वातावरण बना रहे इसके लिए विशेष तौर पर सोशल मीडिया नजर रखनी होगी और आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। किसी भी अफवाह का तत्काल खंडन कर आमजन को तथ्यों के साथ सही जानकारी देना सुनिश्चित किया जाए।

**पटाखा ब्रिकी स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था:** कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने राजस्व अधिकारियों, जनपद सीईओ तथा सीएमओ को पटाखों के बिक्री स्थलों का निरीक्षण कर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटाखा विक्रेताओं के जारी पटाखा लाइसेंस भी चेक किए जाएं। उन्होंने ऐसे स्थानों पर फायर ब्रिगेड की तैनाती के साथ बाजारों में साफ-सफाई अच्छी हो तथा विद्युत आपूर्ति के साथ ही यातायात सुगम बना रहे। कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने टीएल बैठक के दौरान बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने चुनाव से संबंधित सौंपे गए कामों की समीक्षा के दौरान कहा कि निर्वाचन से संबंधित जिसे जो दायित्व सौंपा गया है उसे निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार पूरा करें। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

# कार्तिक पूर्णिमा पर फूलमाली समाज मनाएगा अन्नकूट महोत्सव

**धार, दोपहर मेट्रो।**

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री सकल पंच फूलमाली समाज धार द्वारा कार्तिक पूर्णिमा पर अन्नकूट महोत्सव परंपरागत तरीके से मनाय जाएगा। इसको लेकर समाज की धर्मशाला में सकल पंच की बैठक गत दिनों संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष दानदाता श्रीमती दगड़ीबाई पति स्वर्गीय बाबूलाल जांगड़े नरसिंह मार्ग द्वारा भगवान श्रीराम दरबार व विष्णु भगवान को पोषाक अर्पित की जाएगी। अन्नकूट महोत्सव के तहत 15 नवंबर को श्रीराम मंदिर पौ चौपाटी से भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः राम मंदिर पर समाप्त होगी। यहां महाआरती कर प्रसादी वितरण किया जाएगा। वहीं रामायण मंडल द्वारा अन्नकूट महोत्सव के निमित्त अखंड रामायणजी पाठ भी किया जाएगा। महोत्सव के तहत नवयुवक मंडल और महिला मंडल द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। वहीं इस वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट अंक लाने वाले समाज के विद्यार्थियों का सम्मान भी समाज द्वारा किया जाएगा।

### छत्री नाके पर कारों में भारी जा रही है रसोई गैस

# स्थानीय अधिकारी व खाद्य विभाग नहीं दे रहा ध्यान दुकानों व ठेलों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शहर में संचालित हो रहीं मिठाई व नाश्ते की दुकानों और ठेलों पर रसोई गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। खास बात यह है रसोई गैस के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए स्थानीय प्रशासन और खाद्य विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे में यहां चाय वालों की गुमठियों से लेकर बड़ी मिठाई की दुकानों पर भी व्यावसायिक गैस सिलेंडर की जगह, रसोई गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि जिम्मेदारों का कहना है कि अगर कोई व्यक्ति घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यापार में उपयोग कर रहा है तो यह नियम विरुद्ध है। इसे वह दिखवाकर कार्रवाई करेंगे। शहर में खुले आम नियमों को ताक पर रखकर घर में उपयोग होने वाले गैस सिलेंडरों को दुकानदार और चाय नाश्ता ठेले और कई नाश्ता दुकान वाले अपने व्यापार के लिए उपयोग कर रहे हैं। वहीं शहर के कई होटलों पर भी इसका उपयोग किया जा रहा है। कई ठेले वालों ने और दुकानदारों ने अपने नाम पर व्यावसायिक सिलेंडरों का रजिस्ट्रेशन तो करा रखा है लेकिन ये सिलेंडर मंहगा पड़ने की वजह से सब्सिडी वाले घरेलू सिलेंडरों का उपयोग वे खुलेआम अपनी दुकानों पर कर रहे हैं। सब्सिडी वाला सिलेंडर सस्ता होने की वजह से शहर के मुख्य चौराहे से लेकर बायपास तक कई दुकानदार और ठेलेवाले और होटल संचालक तक के पास व्यावसायिक गैस सिलेंडरों का कनेक्शन नहीं होने से वे घरेलू गैस सिलेंडरों का खुलेआम उपयोग कर रहे हैं। जबकि व्यापार के लिए व्यावसायिक गैस सिलेंडर का उपयोग करना अनिवार्य है लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं कई दुकानदार कार्रवाई से बचने के लिए सामने तो व्यावसायिक सिलेंडर रखते हैं लेकिन अंदर वे भी घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है। खास बात यह है कि इन सिलेंडरों का खुलेआम उपयोग होने के बाद भी खाद्य विभाग का इस ओर कोई ध्यान ही नहीं है न ही इस पर कोई कार्रवाई की जा रही है। चाट-पकौड़े के ठेले पर रखा घरेलू गैस सिलेंडर। जिसका दुकानदार कर रहे उपयोग, नहीं होती कार्रवाई।

नियम विरुद्ध है घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग नहीं हो रही



कार्रवाही - अगर कोई व्यक्ति व्यापार करने के लिए घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग कर रहा है। तो यह नियम विरुद्ध है। इस पर कार्रवाही होना चाहिये पर सिरोंज में अधिकारियों को कुर्सी तोड़ने के अलावा और दूसरा काम करने की फुर्सत कहाँ है घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग एवं सब्सिडी वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की गैस छोटे सिलेंडर में भरकर इसका अवैध रूप से बेचने पर अंकुश लगाने के लिए यह कार्रवाई होना चाहिये

ठेलों और गुमटियों पर हो रहा उपयोग - शहर में खुले आम ठेलों और चाय गुमटियों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग हो रहा है। शहर के मुख्य चौराहे से लेकर बायपास तक ज्यादातर दुकानदार और ठेले वाले घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग ही कर रहे हैं। वहीं कुछ दुकानदार तो सामने व्यावसायिक गैस सिलेंडर रखते हैं। लेकिन दुकानों के अंदर घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है।

### 22 रुपए किलो तक सस्ता पड़ता है घरेलू गैस सिलेंडर

यूं तो व्यापारिक गैस सिलेंडर 19 किग्रा का जो कि वर्तमान में 1745.50 रुपए का आता है। और घरेलू गैस सिलेंडर 14.400 किग्रा जो वर्तमान में 808.50 रुपए का पड़ रहा है। ऐसे में व्यापारिक गैस सिलेंडर में गैस की कीमत घरेलू गैस सिलेंडर से लगभग 22 रुपए किग्रा सस्ती पड़ रही है। जिस वजह से ज्यादातर दुकानदार और नाश्ता ठेले वाले ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं। वहीं इसका उपयोग खुलेआम किया जा रहा है।

दोषी करार जाने पर सजा व जुर्माने से दंडित करने का कानून - आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3७7 के तहत एक वर्ष की कैद व 5000 रुपये अर्थदंड की सजा लग सकता है।

### ग्राहक इसकी शिकायत कहाँ करें

इंडेन, भारतगैस, एचपी गैसरू एलपीजी शिकायतों के लिए टोल फ्री नंबर एलपीजी ग्राहकों के लिए एक टोल-फ्री नंबर (18002333555) उपलब्ध है, जहाँ वे अपनी शिकायतें या प्रश्न आसानी से दर्ज करा सकते हैं। यह कई एलपीजी ब्रांड्स में आसान और प्रभावी ग्राहक सेवा सुनिश्चित करता है। अगर किसी जगह घरेलू गैस का उपयोग किसी अन्य कार्य में किया जा रहा है तो हम नागरिकों की जिम्मदारी बनती है की इसकी शिकायत करे ताकि हमें घरेलू गैस सस्ती मिलती रहे। कानून के मुताबिक अगर आपके पास 100 किलो से ज्यादा एलपीजी है तो आपको चैव् से लाइसेंस लेना होगा। आपको पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (चैं०) से मंजूरी लाइसेंसिंग और पंजीकरण लेना होगा। कानून 100 किलो से ज्यादा गैस सिलेंडर रखने पर रोक नहीं लगाता । सूत्रों के अनुसार अगर छापा मर कार्रवाही की जाये तो सिरोंज के छत्री नाका क्षेत्र के एक घर में कई घरेलू सिलेंडर भरे हुये मिल सकते है।

### कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

सूत्रों के अनुसार सिरोंज के छत्री नाका क्षेत्र के एक घर में कई घरेलू सिलेंडर भरे हुये रखे रहते है जोकि धारा 4. विस्फोट करने का प्रयास करने, या जीवन या संपत्ति को खतरे में डालने के इरादे से विस्फोटक बनाने या रखने के लिए दंड। धारा 5. संदिग्ध परिस्थितियों में विस्फोटक बनाने या रखने के लिए दंडनीय अपराध है, वहाँ के रहने वाले रहवासियों को और उनके छोटे-छोटे बच्चों की जान व माल की हानि को हानिकारक हैं। गैस के स्टॉक होने व गैस का रिसाव होने और बिजली मे स्पार्किंग होने से कभी भी आग लग सकती है और कोई भी बड़ा हादसा व घटना हो सकती हैं। इस ओर सरकार व नगर के कर्मचारियों का भी कोई ध्यान नहीं हैं। गैस के कारण से कई हादसे आय दिन न्यूज पेपर मे पड़ने को मिलते है। फिर भी सरकार ऐसे लोगों के प्रति कोई एक्षन नहीं लेती है और आम लोगों की जान के सांथ खिड़वाड़ कर रही है।

### यह है कार्रवाई का प्रावधान

अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडर को वाहनों के लिए बेचने व छोटे सिलेंडर में भरने, होटलों में व्यावसायिक रूप से उपयोग करने व खाना पकाने के अतिरिक्त अन्य कार्यों में घरेलू गैस का उपयोग किया जाना द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 का उल्लंघन है। अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत दोषी पाए जाने पर प्रतिष्ठान स्वामी की जब्त शुदा सामग्री राजसात करने और जुर्माना लगाने के साथ सजा का भी प्रावधान है।

## राशि निकाल कर, कर दिया खेला, देखो मुड़ेला में मुरम बोल्डर का मेला!



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लटेरी जनपद की ग्राम पंचायत मुंडेला में सरपंच सचिव द्वारा भ्रष्ट्राचार के नए आयाम लिखे जा रहे हैं। ग्राम वासियों द्वारा सचिव सरपंच के भ्रष्टाचारों की शिकायत भी की जा रही है, लेकिन लटेरी जनपद सीईओ उदयप्रताप सिंह ग्राम पंचायत मुंडेला के लिए पालक पिता बने हुए हैं, जिस प्रकार पालक पिता को अपने पुत्रों के अनैतिक कार्य नहीं दिखाई देते थे, ठीक वैसे ही जनपद सीईओ को ग्राम पंचायत मुंडेला के भ्रष्टाचार दिखाई नहीं दे रहे हैं। या फिर जनपद सीईओ द्वारा ग्राम पंचायत मुंडेला के सरपंच सचिव को भ्रष्टाचार का खुला लाइसेंस दे दिया गया है,या भ्रष्टाचार में जनपद सीईओ की भी कुछ हिस्सेदारी हो, इसीलिए तो जांच के नाम पर गोल-गोल जवाब दिए जा रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल है कि ग्राम पंचायत द्वारा 2000 ट्राली मुरम ग्राम पंचायत मुंडेला के रास्तों में डाली गई है। जबकि किसी भी जगह पर मुरम खोदने के लिए तहसील से लेकर माइनिंग विभाग से परमिशन लेनी पड़ती है अब जांच का विषय है की ग्राम पंचायत द्वारा परमिशन ली गई या नहीं।

केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के लिए राज्य वित्त और मनरेगा योजना के माध्यम से राशि उपलब्ध कराई जाती है। इस राशि को खर्च करने की गाइडलाइन भी सरकार द्वारा जारी की जाती है। मनरेगा योजना से विशेष कर जलावर्धन के कार्य किए जाते हैं। ग्राम पंचायत मुडेला में जलावर्धन के कार्य स्वीकृत तो किए गए,और इन कार्यों के नाम से संपूर्ण राशि भी निकाल ली गई लेकिन धरातल पर कार्य बिल्कुल भी नहीं हुए हैं। ग्राम पंचायत मुंडेला में मनरेगा योजना की राशि का जमकर बंदर बांट हुआ है। और 15 वें वित्त से प्राप्त राशि को वित्त आयोग की सिफारिशों के मुताबिक, ग्राम पंचायतों को साफ पानी स्वच्छता और सीसी नाली निर्माण में खर्च किया किया जा सकता हैं। लेकिन पंचायत मुंडेला में इस राशि का दुरुपयोग मुरम वोल्डर के बिल लगाकर किया गया है। मुरम बोल्डर के नाम पर लाखों के विल लगाए गए हैं, सरकारी नियमानुसार पच्चीस हजार से ऊपर के निर्माण कार्य के लिए जनपद से टेक्निकल स्वीकृति और और ग्राम पंचायत से प्रशासकीय स्वीकृति जारी करनी होती है, लेकिन ग्राम पंचायत मुडेला में किसी भी मुरम बोल्डर वाले कार्य के लिए टी एस ए एस नहीं कराई गई है। इससे स्पष्ट जाहिर होता है कि कितने बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है।ग्राम पंचायत मुड़ेला में निर्माण कार्यों के विल गोविंद सिंह गुर्जर के नाम से लगाए गए हैं जबकि इस व्यक्ति के पास किसी भी चीज की दुकान नहीं है। पंचायत के अनुसार गोविंद सिंह गुर्जर टायर ट्यूब के अलावा टेंट गिट्टी और मुरम का काम भी करते हैं, मिठाई बनाने के साथ साथ सफाई का काम भी करते है। जब हमारे द्वारा गोविंद सिंह से संपर्क किया गया और द्वारा गोविंद सिंह से मुरम बोल्डर की रॉयल्टी के बारे में पूछा गया तो असहज नजर आए हमने कहा कि आओ अपनी टेंट मिठाई और टायर ट्यूब की दुकान ही दिखा दीजिए तो उनके द्वारा स्पष्ट मना कर दिया गया की मेरी कोई दुकान नहीं है।

## मलेरिया विभाग द्वारा लार्वा सर्वे का कार्य सतत जारी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



विदिशा मलेरिया विभाग का सतत् लार्वा सर्वे का अभियान निरंतर जारी अभी तक किया गया 21935 घरों का लार्वा सर्वे। आज सोमवार को जिला मलेरिया अधिकारी के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र विदिशा के मुखर्जीनगर, चूनावाली गली, पुलिस लाईन, टीलाखेड़ी, करैयाखेड़ा, ब्लॉक नटेरन के ग्राम महुआ, ब्लॉक त्योंदा के ग्राम पिपरिया दौलत में 355 घरों का लार्वा सर्वे कार्य किया गया। 06 घरों में लार्वा पाये जाने पर टीम द्वरा लार्वा विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गईं। डेंगू प्रतिबंधात्मक गतिविधि के अंतर्गत कीटनाशक दवा का छिड़काव फॉगिंग कार्य किया गया तथा डेंगू से बचाव संबंधी स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से जनसमुदाय को बताया गया कि वह अपने घर एवं घर के आस-पास में पानी एकत्रित न होने दे टायर, गमले, कूलर, पानी टंकी की नित्य सफाई करे तथा मच्छरदानी का उपयोग करे व फुल अस्तीन के कपड़े पहने व मच्छर पनपने न दे। एनजीओ के माध्यम से भी स्कूलध्कालेज में डेंगू से बचाव की वीडियो दिखाकर छात्रों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही डेंगू प्रचार वाहन के द्वारा विदिशा शहर के वार्डो में प्रचार किया जा रहा है।

आज प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार डेंगू के 24 सेम्पल लिये गये जिसमें 05 मरीज डेंगू पॉजिटिव पाये गये। जिला चिकित्सालय में 0 एवं मेडीकल कालेज में 05 प्रायवेट हास्पिटल में 0 मरीज भर्ती है जिनकी स्थिति सामान्य है।

## डॉक्टरों को अलर्ट पर रहने के लिए एसडीएम ने दिए निर्देश



**सिरोंज।** दीपावली के पर्व पर नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में जमकर आतिशबाजी होगी त्यौहार को ध्यान में रखते हुए 24 घंटे डॉक्टर अस्पताल में मौजूद रहे जिसको लेकर एसडीएम हरषल चौधरी ने बीएमओ विकास सिंह को पत्र जारी करके निर्देशित किया गया है कि किसी भी तरह की आतिशबाजी व जलने की घटना सामने आने पर मरीजों को उपचार हो उसके लिए डॉक्टर पूरे समय मौजूद रहे टीम भी रहे अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को किसी भी तरह कि परेशानी ना हो उसके लिए टीम तैनात रहे इसमें में किसी भी तरह की लापरवाही और शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## 5 तारीख से किसानों को नहर से मिलेगा, सफाई हुई प्रारंभ



**सिरोंज।** केथन डेम से भी खेती करने के लिए किसानों को 5 तारीख से एक बार पानी के लिए नहर चालू की जाएगी इसके लिए सिंचाई विभाग के द्वारा नेहरू की सफाई का कार्य प्रारंभ करवा दिया गया है । इस साल पानी को लेकर हुई किल्लत को लेकर नगर वासियों की चिंता को ध्यान में रखते हुए डेम से नहर चालू ना हो इसके लिए काफी दिनों तक चर्चा हुई विधायक ने भी डेम में से पानी न छोड़ने के लिए पत्र कलेक्टर को लिखा था पर काफी दिनों तक नहर से पानी छोड़ने को लेकर विचार विमर्ष किया गया 1800 हेक्टर में भूमि में सिंचाई करने के लिए पहले पानी दिया जाएगा दूसरी फसल के लिए पानी नहीं दिया जाएगा 1 साल का पानी डैम में रखा जाएगा। जबकि 2 साल के स्टाक रखाने को लेकर कलेक्टर से मांग की गई थी, उसको पूर्ण नहीं किया गया है।

**मेट्रो एंकर**

### खाद विभाग की टीम चार दुकानों से लिए सैंपल

# दीपावली से पहले मिष्ठान की दुकानों की जांच करने आई टीम

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**





मिलावट खोरी पर कार्रवाई करने के लिए शासन के द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद दिवाली से पहले खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम बाजार में मिठाई तथा खाद्य पदार्थ बेचने वाले विक्रेताओं की दुकानों की जांच करने के लिए पहुंची तो अधिकांश दुकानदारों में हड़कंप मच गया सबसे ज्यादा परेशानी मिलावटखोरों की हुई जिन्होंने अपनी दुकानों में ताले लगा दिए गोदाम भी बंद कर दिए इनको पहले से ही टीम की भनक लग जाती है ऐसा सूत्र बताते हैं।।कई छोटे दुकानदार विभाग की कार्रवाई से बचने के लिए अपनी दुकानों में ताले लगाकर चलते बने कई घंटे तक इनकी दुकानों में ताले लटके रहे टीम के जाने के बाद ही इनकी दुकानें खुली पाई क्योंकि जांच के नाम पर कई बार खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम इन दुकानदारों को परेशान कर चुकी है। सैंपल लेने के नाम पर वसूली भी होती है ऐसे आरोप भी कई बार व्यापारी लगा चुके हैं। पिछले दिनों सैंपल करने के लिए टीम रात में आई थी तब विवाद भी हुआ था इसको लेकर कई दिनों तक व्यापारियों तथा विभाग के बीच में गतिरोध भी चला शिकायतें भी हुई इसके बाद टीम एसडीएम को सूचना देकर ही जांच करने बाजार में आती है। त्यौहार से पहले सोमवार को कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम हर्षल चौधरी को सूचना देकर ही टीम बाजार में खाद्य दुकानों की जांच करने के लिए पहुंची इनके साथ में तहसीलदार संजय चौरसिया भी मौजूद थे । जहां पर टीम ने मिठाई विक्रेताओं की दुकानों की जांच पड़ताल करते हुए मिठाइयों, मावा खाद सामग्री आदि के सैंपल जांच के लिए गए पंचनामा बनाकर टीम ने अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया जिसमें सहायक खाद पूर्ति किरण श्रीवास्तव ने दुकानों से जांच के लिए सामग्री के सैंपल किए गए जिसमें काफी समय भी लग गया टीम के द्वारा मुख्य बाजार में जांच करके सैंपलिंग की गई यह सैंपल लैब में जांच के लिए भेजे जाएंगे इसके बाद टीम के द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी वहीं टीम के आने की जानकारी लगते ही कई मिलावटखोर तो अपनी दुकानें बंद करके चलते बने खाद आपूर्ति विभाग की टीम वैसे भी मिलवाट खोरी करने वाले पर कार्रवाई नहीं कर पाती है। जिनके द्वारा सही तरीके से अपने काम को अंजाम दिया जाता उनके ही सेंपल हर बार होते हैं। इसकी वजह से मिलावट खोरों का कारोबार फल फूल रहा है।

### नकली घी का कारोबार जोरों पर

शहर में बड़े स्तर पर नकली घी का कारोबार खुलेआम हो रहा है उनके सैंपल करने की हिम्मत प्रशासन की टीम नहीं कर पाती है इस वजह से नकली घी का कारोबार जोर से हो रहा है अधिकांश दुकानों पर इसको बिकवाने का काम किया जाता है थोक में भी इसको बेचने का कार्य किया जाता है। इसमें सेंड से लेकर डालना आलू आदि से इस नकली को तैयार किया जाता है। इस वजह इसमें घी जैसी खुशबू आने लगती है , बारीकी से जांच करने पर ही नकली होने का पता चलता है हर कोई पहचान भी नहीं कर पता है । सूत्र बताते हैं कि इनकी जानकारी खाद्य आपूर्ति विभाग अधिकारियों को है पर वह कार्रवाई नहीं करते हैं नकली का कारोबार करने वालों के द्वारा इनकी सेवा की जाती है इस वजह से इनके यहां पर जांच नहीं होती है।। इसकी जानकारी खाद्य विभाग की टीम को भी है फिर भी कार्रवाई नहीं होने से इस तरह के आरोपों भी सही लगते हैं। नकली घी का कारोबार नगर में तेजी से पनप रहा है इस नकली घी को खाने के कारण कई तरह की बीमारियां भी लोगों को हो रही है पर खाद्य विभाग की टीम को आम जनता की सेहत से कोई चिंता नहीं है। विभाग के द्वारा समय-समय पर ऊपर से प्रेशर होने पर अपनी औपचारिकता पूरी करने के लिए ज्यादातर समय त्योहार पर ही टीम आती है और चलती बनती है इस वजह से मिलावट के खेल पर रोक नहीं लग पा रही है । स्वार्थी लोगों के द्वारा आम जनता की सेहत से खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है।

### इनका कहना है

*यदि नकली घी का कारोबार हो रहा है तो हम संयुक्त टीम बनाकर छापा मार करवाई करवाएंगे जनता की सेहत से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई करेंगे।*

**हर्षल चौधरी एसडीएम**

# गंभीर ऑस्ट्रेलिया टूर पर जाएंगे 8 नवंबर से 4 टी-20 की सीरीज

## लक्ष्मण साउथ अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम के कोच

**मुंबई. एजेंसी**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण साउथ अफ्रीका दौरे के लिए टीम इंडिया के कोच बनाए गए हैं। टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर को ऑस्ट्रेलिया दौर पर जाना है। ऐसे में लक्ष्मण को वाइट बॉल टीम का कोच बनाया गया है। एक वेबसाइट ने लक्ष्मण को कोच बनाए जाने का दावा किया, हालांकि बीसीसीआई ने इसकी पुष्टि नहीं की है। भारतीय टीम को अगले महीने साउथ अफ्रीका दौरे पर जाना है। यह सीरीज 8 नवंबर से खेली जाएगी।

बहुतुले, कानिटकर और घोष भी कोचिंग स्टाफ में शामिल लक्ष्मण के साथ नेशनल क्रिकेट अकादमी से जुड़े साईराज बहुतुले, ऋषिकेश कानिटकर और सुभादीप घोष सपोर्टिंग स्टाफ के तौर पर जाएंगे। बहुतुले हाल ही में इमर्जिंग एशिया कप के लिए इंडिया-ए के मुख्य कोच थे। वहीं, कानिटकर बैटिंग कोच और सुभादीप घोष फील्डिंग कोच थे। साउथ अफ्रीका के लिए टीम 4 नवंबर के आसपास रवाना होगी। भारत 8, 10, 13 और 15 नवंबर को क्रमशः डरबन, गेबेरा, सेंचुरियन और जोहान्सबर्ग में चारट टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। बीसीसीआई ने चार टी-20 मैचों के लिए सूर्यकुमार यादव की अगुआई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। बांग्लादेश के खिलाफ होम सीरीज में क्लीन स्वीप किया टीम इंडिया ने इसी महीने बांग्लादेश के खिलाफ 3 मैचों की होम सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। इस सीरीज में हार्दिक पंड्या प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। उन्होंने 118 रन बनाए और एक विकेट भी लिया। साथ ही तीसरे मैच में संजू सैमसन ने टी-20 इंटरनेशनल में पहली सेंचुरी जमाई थी। साउथ अफ्रीका दौरे के लिए चुनी गई भारतीय टीम सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, विजयकुमार वैशाक, आवेश खान, यश दयाल।




### पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 टीम का ऐलान किया

मेलबर्न, एजेंसी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले अपने टेस्ट प्लेयर्स को आराम दिया है। सीए की सिलेक्शन कमेटी ने सोमवार को पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम जारी की। इस टीम के कप्तान का ऐलान नहीं किया गया है, जल्द ही टीम के कप्तान का नाम तय होगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम को 22 नवंबर से भारत के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेलनी है, जो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से बहुत अहम है। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई सिलेक्टर्स ने टेस्ट खेलने वाले खिला?ियों को आराम देने का फैसला लिया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान के खिलाफ 3 टी-30 मैचों की सीरीज 14 नवंबर से खेलेगी। जो 18 नवंबर को समाप्त होगी। बर्टलेट, एलिस और जॉनसन की वापसी टीम में जेवियर बर्टलेट, नाथन एलिस और सपेंसर जॉनसन की वापसी हुई है। वहीं, कप्तान पैट कमिंस, मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड सिलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं हैं। मार्श और हेड वनडे सीरीज भी नहीं खेलेंगे। जॉर्ज बेली ऑस्ट्रेलियाई टीम की सिलेक्शन कमेटी के चेयरमैन जॉर्ज बेली ने कहा कि कप्तान पर फैसला सीरीज से पहले किया जाएगा। उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि कई खिलाड़ी कप्तानी करने की क्षमता रखते हैं और कुछ को इसका अनुभव भी है। हम इस पर काम करेंगे। बीबीसी में कप्तानी कर चुके ग्लेन मैक्सवेल, एडम जम्पा, मैथ्यू शॉर्ट और अरोन हार्डी नेशनल टीम का कप्तान बनने के दावेदार हैं। जबकि जोश इंगलिस भी अपने नेतृत्व और सामरिक कौशल के कारण एक मजबूत उम्मीदवार हैं, जिन्हें पर्थ स्कॉर्चर्स के उप-कप्तान के रूप में देखा जा रहा है।

## शानदार प्रदर्शन इथोपिया के योमिफ केजेल्चा ने 1 सेकंड से विश्व रेकॉर्ड बना दिया




**वेलेंसिया (स्पेन). एजेंसी**

इथोपिया के धावक योमिफ केजेल्चा ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां वेलेंसिया हाफ मैराथन में विश्व रेकॉर्ड बनाकर खिताब अपने नाम किया। इस दौरान उन्होंने लिस्बन में तीन साल पहले बनाए युगांडा के जैकब किप्लिमो के रेकॉर्ड को सिर्फ एक सेकेंड के अंतर से तोड़ा। योमिफ ने पुरुष हाफ मैराथन 57 मिनट और 30 सेकेंड में पूरी कर रेकॉर्ड बनाया। इससे पहले 2021 में जैकब किप्लिमो ने 57 मिनट और 29 सेकेंड का समय निकाला था। योमिफ केजेल्चा ने करियर की छठी हाफ मैराथन में कमाल किया और विश्व रेकॉर्ड बनाया। इससे पहले, उन्होंने 2019 में वन मील वर्ल्ड इंडोर चैंपियनशिप में 3 घंटे 47.01 मिनट के साथ विश्व रेकॉर्ड बनाया था। इथोपियाई एथलीट योमिफ ने वेलेंसिया में विश्व रेकॉर्ड जीत के दौरान केन्या के डेनिएल माटिएको और इसाया किपकोएच को पीछे छोड़ा, जो उनसे काफी पीछे क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पेरिस ओलंपिक में पदक नहीं जीतने का मलाल- दो विश्व रेकॉर्ड अपने नाम कर चुके योमिफ केजेल्चा को हालांकि पेरिस ओलंपिक 2024 में पदक नहीं जीत पाने का बेहद मलाल है। पेरिस में केजेल्चा ने 10 हजार मीटर रेस में शिरकत की थी। हालांकि वह आधे से ज्यादा समय तक शीर्ष पर थे, लेनिक आखिरी कुछ मीटर में पिछड़ गए और छठे स्थान पर रहे।

## महिला क्रिकेट: न्यूजीलैंड और भारत के बीच मैच आज होगा



**अहमदाबाद. एजेंसी**

न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज जीतने के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाजों को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला मंगलवार को खेला जाएगा। अब तक दोनों टीमें सीरीज में 1-1 से बराबर हैं। पहला वनडे भारत ने 59 रन से जीता था, जबकि दूसरे मैच में न्यूजीलैंड ने 76 रन से जीत दर्ज की थी। भारतीय बल्लेबाजी दूसरे वनडे में लक्ष्य का पीछा करते समय बुरी तरह से फ्लॉप हो गई थी। सिर्फ राधा यादव ही टिक सकी थीं।

## अल क्लासिको-बार्सिलोना ने रियाल मैड्रिड को हराकर खुद का रेकॉर्ड बचाया


**मैड्रिड. एजेंसी**

रॉबर्ट लेवांदोवस्की के दो गोल की बदौलत बार्सिलोना ने स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल के मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड को 4-0 से हरा कर अपना रेकॉर्ड बचा लिया। इस जीत के साथ ही बार्सिलोना ने ला लीगा में रियाल मैड्रिड का 42 मैचों से चला आ रहा विजय रथ थाम लिया। ला लीगा में लगातार 43 मैच जीतने का रेकॉर्ड बार्सिलोना के नाम है। बार्सिलोना ने 2017-18 सीजन में यह रेकॉर्ड बनाया था। रियाल मैड्रिड की टीम बार्सिलोना के रेकॉर्ड से महज एक मैच पीछे रह गई। अल क्लासिको- स्पेन के शीर्ष क्लब रियाल मैड्रिड और बार्सिलोना के बीच मैच को अल क्लासिको कहा जाता है। इन दोनों की अन्य टूर्नामेंटों में भी कई बार टक्कर हुई है।

**13 महीने बाद पहली हार:** कोच कार्लो एंसेलोटी की रियाल मैड्रिड टीम 13 महीने के बाद ला लीगा में कोई मैच हारी है। हालांकि इस मैच में भी बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के बीच पहला हाफ गोलरहित रहा था। ऐसा लग रहा था कि रियाल यह मैच ड्रॉ करा लेगा।

**दूसरे हाफ में दनादन गोल:** दूसरे हाफ में फिर बार्सिलोना ने आक्रामक खेल दिखाया और एक के बाद एक चार गोल दाग दिए। लेवांदोवस्की ने तीन मिनट में दो गोल किए। उन्होंने 54वें व 56वें मिनट में गोल दागे। 17 साल के लामिन यमाल ने 77वें मिनट में तीसरा गोल किया और फिर राफिन्हा ने 84वें मिनट में टीम को 4-0 की बढ़त दिला दी।

**स्पेनिश ला लीगा: बार्सिलोना ने चिर प्रतिद्वंद्वी क्लब को 4-0 से दी मात**





## मेट्रो बाजार

## औद्योगिक मांग बढ़ने से लॉन्ग टर्म में रिटर्न देने में गोल्ड को पीछे छोड़ सकती है चांदी

**नईदिल्ली. एजेंसी**

सोने की कीमतों में इस साल 30 फीसदी से अधिक तो चांदी की कीमतों में 40 फीसदी से अधिक की तेजी आई है। हाल में चांदी की कीमत 1,00,000 रुपए प्रति किलो के पार निकली थी। चांदी का इंडस्ट्रियल यूज भी बढ़ रहा है। यही वजह है कि इसकी कीमत में तेजी आ रही है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट के मुताबिक, मध्यम से लंबी अवधि में चांदी का प्रदर्शन सोने के बराबर या उससे बेहतर हो सकता है। अगले 12 से 15 माह में एमसीएक्स पर चांदी 1,25,000 रुपए प्रति किलो और कॉमेक्स पर 40 डॉलर प्रति औंस तक पहुंचने की उम्मीद है। चीन की अर्थव्यवस्था में सुधार और बेस मेटल्स की बढ़ती मांग भी चांदी की कीमतों को और ऊपर ले जा सकती है। मोतीलाल ओसवाल के मानव मोदी ने कहा कि मध्यम अवधि में सोने की कीमत 81,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और लंबी अवधि में 86,000 रुपए तक पहुंच सकती हैं। वहीं कॉमेक्स पर सोना 3,000 डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। एक साल में चांदी की कीमतों में 15-30 फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है। चांदी निवेश का एक नायाब मौका दे रही है, क्योंकि कीमती मेटल होने के साथ ही साथ इसे इंडस्ट्रियल डिमांड का लाभ भी मिल रहा है। ईवी के प्रोडक्शन और सोलर एनर्जी में तेजी, खासकर चीन में इकोनॉमिक रिकवरी से चांदी की कीमतों में और उछाल की उम्मीद है। आने वाले एक साल में इसमें 15-30 फीसदी की रैली देखने को मिल सकती है।



## इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की बिक्री 30 फीसदी बढ़ेगी! दीपावली पर बाजार में आई तेजी

**नई दिल्ली. एजेंसी**

इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को इस त्योहारी सीजन की बिक्री में 30 फीसदी वृद्धि की उम्मीद है। ई-कॉमर्स मंचों पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों-गैजेट्स की बिक्री में डबल डिजिट में ग्रोथ हुई। अब धनतेरस पर स्थानीय बाजारों पर भी बिक्री जोर पकड़ने की उम्मीद है। उद्योग जगत ने कहा, इस त्योहारी सीजन में प्रीमियमीकरण का चलन है, जहां लोग ऊर्जा दक्षता, उच्च क्षमता, बड़े आकार की सुविधाओं के लिए अतिरिक्त भुगतान को तैयार हैं। इस त्योहारी सीजन महंगे प्रोडक्ट्स की बिक्री बढ़ी है। त्योहारी सीजन में लॉजिस्टिक्स, ई-कॉमर्स व आतिथ्य क्षेत्र में नौकरियों की संख्या में सालाना 20 फीसदी की वृद्धि हुई है। पेशेवर नेटवर्किंग मंच अपना डॉटकॉम ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि लॉजिस्टिक और परिचालन क्षेत्र में अवसर सालाना आधार पर 70 फीसदी बढ़ गए। दूसरी ओर खुदरा और ई-कॉमर्स में 30 फीसदी की वृद्धि हुई। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय चितकारा ने कहा, सभी श्रेणियों में अच्छी वृद्धि हुई है, खासकर बड़ी क्षमता वाली वॉशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर जैसे प्रीमियम उत्पादों में। हम एआइ और आइओटी प्रौद्योगिकी वाले उत्पादों की अच्छी मांग देख रहे हैं। गोदरेज अप्लायंसेज के कारोबार प्रमुख कमल नंदी ने कहा कि अच्छे मॉनसून की वजह से इस त्योहारी सीजन में बाजार में तेजी आई है। इस सीजन में प्रीमियम यानी महंगे उत्पाद सबसे आगे रहे हैं।



**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

## सलमान खान को रातों में नहीं आती है नींद



कुछ दिनों पहले सलमान खान के दोस्त और राजनेता बाबा सिद्दीकी हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से ही सलमान लगातार उनके बेटे जीशान और पूरे परिवार के साथ जुड़े रहते हैं। हाल में ही बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान ने बताया है कि सलमान उनसे लगातार बात करते हैं और रातों में नींद न आने की बात कहते हैं। हाल में ही सलमान खान के दोस्त बाबा सिद्दीकी की लगोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से ही बाबा सिद्दीकी के परिवार और सलमान खान पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हाल में बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी ने खुलासा किया है कि उनके पिता के दुखद निधन के बाद से सलमान खान उनके और उनके परिवार का बहुत ध्यान रख रहे हैं और उन्हें समर्थन कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने बताया कि सलमान उनसे रातों को नींद न आने की बात करते हैं। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान खान उन सेलिब्रेटिज में से थे, जो उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने सबसे पहले अस्पताल पहुंचे थे। सलमान बाबा सिद्दीकी के अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए थे। अभिनेता के समर्थन को लेकर जीशान सिद्दीकी ने कहा, पिताजी की हत्या के बाद सलमान भाई बहुत दुखी थे। पिताजी और सलमान भाई सगे भाइयों की तरह एक-दूसरे के करीब थे। पिताजी की मृत्यु के बाद, भाई ने बहुत साथ दिया। वह हमेशा मेरा हालचाल पूछते हैं, हर रात, वह मुझसे नींद न आने के बारे में बात करते हैं और उनका समर्थन हमेशा बना रहता है। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और संजय दत्त भी बाबा सिद्दीकी की मौत के बाद अपनी संवेदना व्यक्त करने उनके घर आए थे। दिवंगत राजनेता के पुत्र ने कहा कि इस दौरान शिल्पा काफी भावुक थीं। जीशान ने इन सितारों को परिवार बताया और बताया कि वह अपने पिता के दोस्तों को सेलिब्रिटी नहीं मानते, क्योंकि जो लोग उनके घर आते हैं और उनके पिता के साथ दोस्ती करते हैं, वे उन्हें परिवार के सदस्य की तरह लगते हैं।

## फिल्मी करियर में अनुपम खेर के 40 साल पूरे

अनुपम खेर के भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में 40 साल पूरे हो चुके हैं। इस दौरान अभिनेता ने कई यादगार भूमिकाएं की हैं। इस बीच उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने साल 1984 को उनके करियर का सबसे महत्वपूर्ण वर्ष बताया है। अनुपम खेर हिंदी फिल्मों के मशहूर अभिनेता हैं। उन्होंने अपने करियर में कई बेहतरीन भूमिकाएं निभाई हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर अपने बॉलीवुड सफर को याद करते हुए बताया कि साल 1984 उनके जीवन का महत्वपूर्ण वर्ष था। उन्होंने इस दौरान याद करते हुए बताया कि कैसे महेश भट्ट ने उन पर विश्वास किया और उन्हें सारांश में 65 वर्षीय व्यक्ति की भूमिका निभाने का अवसर दिया, जिसने उनके करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि इस दौरान लोग उन्हें घमंडी और भ्रमित व्यक्ति के रूप में देखते थे। उन्होंने लिखा, साल 1984 - मेरे लिए एक बनाने या बिगाड़ने वाला वर्ष था। हर दिन मैं नर्वस था और इसने मेरे चरित्र, मेरे धैर्य की परीक्षा ली। मैं काम पाने और अपनी शर्तों पर पहचान पाने के लिए बेताब था।卐 इंडस्ट्री से कोई संबंध नहीं होने के बाद भी उन्होंने अभिनय के सपनों को पूरा करने के लिए अपने दृढ़ संकल्प पर भरोसा किया। इसके बाद उन्हें महेश भट्ट की फिल्म सारांश मिली, जो उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण क्षण था।

## 'मंजुलिका' ने 180 डिग्री घुमा दिए पैर, कार्तिक बोले- ये देखो चुड़ैल...

'भूल भुलैया 3' के अभिनेता कार्तिक आर्यन और विद्या बालन का एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में कार्तिक विद्या को 'चुड़ैल' कह रहे है। आइए जानते हैं, उन्होंने ऐसा क्यों कहा? 'भूल भुलैया 3' दिवाली पर सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म की टीम इसके प्रमोशन में जोर-शोर से लगी हुई है। बॉक्स ऑफिस पर इसका सामना अजय देवगन की फिल्म 'सिंघम अगेन' से होगा। हाल ही में कार्तिक आर्यन और विद्या बालन अपनी फिल्म का प्रमोशन करते हुए एक इवेंट में दिखाई दिए। इवेंट दोनों को हंसी-मजाक करते हुए देखा गया। हाल ही में दोनों सितारे अपनी टीम के साथ 'अमी जे तोमार 3.0' ट्रैक के ग्रैंड लॉन्च के लिए एक साथ आए। इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसमें कार्तिक ने विद्या को 'चुड़ैल' बताया है, क्योंकि उन्होंने अपने फिल्म में 'मंजुलिका' का किरदार निभाया है। कार्तिक और विद्या के बीच का यह हंसी-मजाक वाला वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में, जब कोई और बात कर रहा था, तो विद्या ने कार्तिक को दिखाया कि वह अपना पैर पूरे 180 डिग्री घुमा सकती है। इसे देखकर कार्तिक ने कहा, ये देखो, चुड़ैल। पैर उलटे करती है ये। वीडियो जैसे ही इंटरनेट पर सामने आया इस वीडियो के कमेंट सेक्शन लोगों ने कमेंट भी किए।



# अज्ञात वाहन ने 64 साल के बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित बोर्ड ऑफिस चौराहा पर अज्ञात वाहन की टक्कर से 64 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना तीन दिन पहले की है। हादसे के बाद बुजुर्ग को गंभीर हालत में एम्स में भर्ती कराया गया था। सोमवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पूजा कॉलोनी करोंद निवासी विजय यादव (64) विगत 24 अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे बैरसिया की ओर जा रहे थे।

उसी दौरान बोर्ड ऑफिस चौराहे के पास किसी अज्ञात वाहन का चालक उन्हें टक्कर मारकर मौके से भाग निकला। आसपास के लोगों ने गंभीर रूप से घायल विजय यादव को ए स में भर्ती कराया था। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक कर आरोपी चालक और वाहन की तलाश की जा रही है।

### किसान ने जहर खाकर दी जान

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित मोचीपुरा गांव में एक किसान ने रविवार सुबह जहर खा लिया। परिजन उसे बैरसिया स्थित अस्पताल ले गए, वहां से शाहजहांनाबाद स्थित निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। सोमवार सुबह निजी अस्पताल में उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मरने से पूर्व बयान नहीं होने से आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रवि मीणा पिता माधव सिंह मीणा (25) मोचीपुरा, तहसील बैरसिया में रहता था और पिता के साथ खेती किसानी करता था। रविवार सुबह उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। उल्टियां करने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### परिजन को बुलाया, मर्चूरी में आज की जाएगी शिनाख्त

# ट्रेन से कटकर बुजुर्ग ने दी जान सिर कुचला होने से शिनाख्त नहीं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर ओवर ब्रिज के नीचे से सोमवार रात पुलिस ने एक बुजुर्ग का शव बरामद किया है। बुजुर्ग की मौत हो ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या से जुड़ा नजर आ रहा है। पुलिस ने मृतक का हुलिया सोशल मीडिया पर वायरल किया और आसपास पूछताछ की तो पता चला कि मृतक पद्नाम नगर का रहने वाला है। हालांकि मृतक के परिजन रात में मर्चूरी नहीं पहुंच सके थे। आज परिजन को मर्चूरी बुलाया गया है।



पुलिस के अनुसार सोमवार रात करीब 8 सुभाष नगर ओवरब्रिज के पास से रेलवे ट्रैक पर पड़ी एक अज्ञात व्यक्ति की लाश बरामद की थी। मृतक की उम्र करीब 60 साल के आसपास होगी। ट्रेन की चपेट में बुजुर्ग का शरीर बुरी तरह से क्षत विक्षत हो गया। सिर भी कुचल गया है। पुलिस ने हुलिए के आधार पर मृतक की पहचान आसपास की। इस दौरान पता चला कि मृतक पद्नाम नगर निवासी एक व्यक्ति का हो सकता है।

### अनुमान: पत्नी ने की थी करवाचौथ पर आत्महत्या

रचना नगर अंडर ब्रिज पर रविवार 20 अक्टूबर की शाम से एक महिला की लाश बरामद की गई थी। महिला पास ही पद्नाभ नगर में किराए से रहती थी और पति से अनबन होने के बाद उसने ट्रेन से कटकर जान दे दी थी। पुलिस के अनुसार रविवार शाम करीब चार बजे पुलिस ने सुभाष नगर अंडरब्रिज के ऊपर से पुलिस ने एक महिला की लाश बरामद की थी। महिला के पास से कोई भी दस्तावेज नहीं मिला था, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने कंट्रोल रूम में मृतिका का हुलिया भेजा और अखबार समेत इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से संपर्क किया था। किसी चेनल पर मृतिका का हुलिया और जानकारी मिलने पर मृतिका के बेटे के दोस्त ने उसे जानकारी दी। रात करीब 12 बजे मृतिका का बेटा प्रवीण थाने पहुंचा और हुलिया देखने के बाद उसने मृतिका की पहचान अपनी मां निर्मला पांडे पति छोटू पांडे (45) निवासी पद्नाभ नगर, ऐशबाग के रूप में कर ली। निर्मला पांडे के बेटे प्रवीण ने बताया कि मां और पिता की रविवार दोपहर कहासुनी हुई थी। मां गुस्से में घर से निकली थी। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि निर्मला पांडे ने छोटू पांडे से दूसरी शादी की थी। इसी प्रकार छोटू पांडे ने भी निर्मला पांडे से दूसरी शादी की थी। अनुमान है कि लाश छोटू पांडे की हो सकती है। छोटू पांड के बेटे प्रवीण को मर्चूरी बुलाया गया है।

# मैनेजर से लूटपाट करने वाले लुटेरों का नहीं लगा सुराग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सेंट्रल जेल के सामने रविवार रात ई स्कूटी सवार मैनेजर से तीन लाख एक हजार रुपए की लूट करने वाले लुटेरों का सुराग नहीं लग सका हैं। पुलिस का अनुमान है कि इस सनसनीखेज लूट की वारदात में मैनेजर के करीब शामिल है, जो जानते थे कि वह कलेक्शन का पैसा अपने साथ लेकर आते जाते हैं। पुलिस कुछ संदिग्धों से पूछताछ कर चुकी है, लेकिन पुलिस को लूट करने वाले लुटेरे अभी नहीं मिले हैं।

गांधी नगर पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विजय नगर लालघाटी निवासी 37 साल के हिमांशु गुलशानी, करोंद स्थित हीरो मोटर्स में मैनेजर हैं। रविवार को वह दिनभर का कलेक्शन करने के बाद बैग में रुपए लेकर अपने घर जा रहे थे। वे अपनी ई स्कूटी पर थे और बैग कंधे पर लटका हुआ था। सेंट्रल जेल के सामने पहुंचते ही दो बाइक पर आए चार बदमाशों ने स्कूटी के सामने बाइक अड़ाकर उन्हें रोक लिया। वे कुछ समझ पाते इससे पहले ही बदमाशों ने उनके साथ मारपीट करते हुए हाथ पर चाकू से हमला कर दिया और कंधे पर लटका बैग छीनकर ले गए थे। हिमांशू ने पुलिस को बताया कि उनके पास बैग में हीरो मोटर्स और श्री बालाजी मोटर्स का तीन लाख दस हजार रुपए का कलेक्शन था। वे सेंट्रल जेल के सामने पहुंचे थे, तभी नकाबपोश बदमाशों ने उनके साथ वारदात की। वे साढे दस बजे के आसपास थाने पहुंच गए थे। पुलिस ने उनसे पूछताछ की और घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद अज्ञात बाइक सवार लुटेरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया था।



# पुताई का छींटा पढ़ने पर युवक के चेहरे पर चाकू से किया हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कमलानगर थाना क्षेत्र के राहुल नगर में युवक को पुताई करते समय कपड़े में पड़ा छींटा इतना नागवार गुजरा कि उसने अपने ही दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया। चेहरे पर चाकू लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की शिकायत पर कमलानगर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार शुभम महाजन अपने परिवार के साथ राहुल नगर में रहता है। उसका दोस्त चित्रांश भी उसी मोहल्ले में रहता है। दोनों के बीच वर्षों पुरानी दोस्ती है। रविवार को छुट्टी के दिन शुभम घर के पास अपनी मुंहबोली नानी के घर की पुताई कर रहा था। दोपहर को उसका दोस्त चित्रांश भी नशे की अवस्था में उसकी नानी के घर पहुंच गया और साथ में घूमने चलने को बोला। शुभम ने मना किया तो उसने पहले झगड़ा शुरू किया और फिर छुरी से उसके चेहरे पर हमला कर दिया। इससे शुभम का गाल कट गया। उसने प्राथमिक इलाज करवाकर थाने में चित्रांश के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराई है।

### पुलिस ने कियसा प्रकरण दर्ज



### हाईटेंशन लाइन से करंट लगने से महिला झुलसी

**भोपाल।** निशातपुरा थाना इलाके की रतन कालोनी में घर की छत पर पहुंची महिला को वहां से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से करंट लग गया। महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। 12 अक्टूबर को भी इस क्षेत्र में हाईटेंशन लाइन से करंट लगने के कारण पूजा पंडाल में करंट फैलने से चार युवक झुलस गए थे। 20 दिन में इस तरह की दूसरी घटना होने से स्थानीय लोगों ने हंगामा कर दिया। रतन कालोनी निवासी कैलाश जाटव ने घर की छत पर बाथरूम बनवा रखा है। रविवार दोपहर 12 बजे उनकी पत्नी 40 वर्षीय किरण छत पर पहुंची थी, तभी करंट लगने से बुरी तरह झुलस गई।

# युवक की करंट लगने से मौत, 15 मिनट खंभे पर अटका रहा शव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

परवलिया सड़क थाना इलाके में बिजली की मरम्मत के लिए खंभे पर चढ़े युवक की करंट लगने से मौत हो गई। उसका शव लगभग 15 मिनट तक खंभे पर ही अटका रहा। वह बिजली कंपनी में आउटसोर्स कर्मचारी था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परवलिया सड़क थाना प्रभारी रोहित नागर ने बताया कि ग्राम झापड़िया निवासी 21 वर्षीय पप्पू पुत्र बदामीलाल मीना बिजली कंपनी में आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में लाइनमैन का काम करता था। शिकायत मिलने पर पर शनिवार को वह साथी कर्मचारियों के साथ रक्षा विहार कालोनी पहुंचा था। शाम करीब सवा चार बजे वह खंभे पर चढ़कर काम कर रहा था, तभी 11 केवी की लाइन का करंट लगने से वह खंभे पर ही अटक कर रह गया। बिजली सप्लाई बंद करवाने के बाद साथी उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। वहां चेक करने के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



### पति हॉल में टीवी देख रहा था, पत्नी ने बेडरूम में लगा ली फांसी

**भोपाल।** कोलार इलाके में एक 30 वर्षीय महिला ने फांसी लगा ली। महिला जब फांसी लगा रही थी, तब उसका पति अपने नौ महीने के बच्चे के साथ हाल में था और टीवी देख रहा था। काफी देर बाद जब पत्नी नहीं दिखाई दी तो उसने कमरे देखा, जहां वह फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। सूचना के बाद पहुंची कोलार थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर खुदकुशी के कारणों की जांच शुरू की है, महिला के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले की जांच कर रहे एएसआइ रुपेंद्र ने बताया कि शैलेंद्र कुमार और निशा सिंह ने तीन साल पहले प्रेम विवाह किया था। शैलेंद्र उत्तरप्रदेश के अमेठी से संबंध रखता है, जबकि निशा अशोका गार्डन में अपने माता-पिता के साथ रहती थी। शादी के बाद दोनों कोलार शिफ्ट हो गए थे। दंपति मिलकर एक ट्रेवल एजेंसी चलाते थे। निशा ने यह कदम क्यों उठाया, इसको लेकर अब तक कोई कारण सामने नहीं आया है। पुलिस महिला के स्वजनों के बयान दर्ज करेगी।

# 8 साल की बच्ची को पालतू कुत्ते ने गले में काटा, मामला दर्ज



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हनुमानगंज इलाके में घर के बाहर खेल रही 8 साल की बच्ची को पड़ोसी के पालतू कुत्ते ने काट लिया। गले में बच्ची के चोट लगी है। बच्ची की मां की शिकायत पर हनुमानगंज पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, इंब्राहिमगंज मोहल्ला निवासी 35 साल की रेणू पंथी गृहणी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि रविवार रात करीब 9 बजे उनकी 8 साल की बेटी एंजिल पंथी घर के बाहर खेल रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाली सरोज ने अपना पालतू कुत्ता खुला छोड़ दिया। कुत्ता बच्ची को देखकर उसकी तरफ लपक गया। गले को नोचने की कोशिश किया। बच्ची की चीख सुनकर लोगों ने कुत्ते से उसे बचाया।

# सोशल मीडिया पर पत्रकारों की सूची वायरल, क्राइम ब्रांच में एफआईआर

**भोपाल।** सोशल मीडिया पर पर पत्रकारों की सूची वायरल होने के बाद एक पत्रकार ने क्राइम ब्रांच को शिकायत की है। क्राइम ब्रांच ने अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गत दिनों सोशल मीडिया पर पत्रकारों की एक सूची वायरल हुई थी। वायरल सूची में पत्रकारों पर परिवहन विभाग से अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत करता रिजवान अहमद सिद्धिकी ने क्राइम ब्रांच को उक्त सूची को फर्जी बताते हुए पत्रकारों की छवि खराब करने का प्रयास बताया है। उन्होंने शिकायत सूची की प्रमाणिकता की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

**मेट्रो एंकर** | खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग अलर्ट मोड पर

# 16 क्विंटल मावा चेकिंग के दौरान बस की डिक्की में पकड़ा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

त्योहारी सीजन शुरू होते ही खाद्य पदार्थों में मिलावट का खेल शुरू हो जाता है दो दिन बाद दीपावली का त्यौहार मनाया जाएगा उससे पहले राजधानी भोपाल में 16 क्विटल मावा आईएसबीटी बस स्टैंड में खड़ी बस की डिक्की में पकड़ा है। सोमवार सुबह बसों की चेकिंग के दौरान यह कार्रवाई की गई। खराब या अमानक होने की आशंका के चलते मावे के सैंपल लैब में जांच के लिए भेजे गए हैं। सोमवार सुबह भी टीम बसों की चेकिंग कर रही थी।

तभी इतनी बड़ी मात्रा में मावा रखा मिला। सीनियर फूड इंस्पेक्टर देवेंद्र दुबे ने बताया कि मावे की सैंपलिंग की गई हैं। जिन्हें जांच के लिए लैब भेजा है। बस क्रमांक एमपी-07 पी 2123 की डिक्की में मावे की 40 डलिया रखी हुई मिली। बस ग्वालियर से भोपाल आई थी। राजधानी भोपाल में दिवाली के समय मावा और पनीर की डिमांड तेजी से बढ़ जाती है। यही वजह है कि दूसरे शहरों से भोपाल मावे और पनीर की सप्लाई की जाती है। पिछले दिनों कार में पुलिस ने पनीर पकड़ा जिसकी जांच कराई गई और पनीर खराब बताई गई है। दिवाली पर हर साल कई मामले सामने आते हैं। इसलिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग अलर्ट मोड पर रहता है। इस बार भी लगातार चेकिंग और जांच की जा रही है। सोमवार सुबह भी टीम बसों की चेकिंग कर रही थी। तभी इतनी बड़ी मात्रा में मावा रखा मिला। सीनियर फूड इंस्पेक्टर देवेंद्र दुबे ने बताया कि मावे की सैंपलिंग की गई हैं।



### सप्ताह भर में दूसरी कार्रवाई

राजधानी भोपाल में इससे पहले भी विभाग की टीम ने कार्रवाई की थी। इससे पहले 24 अक्टूबर को बजरिया पुलिस ने आगरा से भोपाल आया 9 क्विंटल मावा जब्त किया था। मावा भोपाल रेलवे स्टेशन के बाहर एक लोडिंग गा?ी में रखा था, जिसकी शहर में डिलीवरी होना थी। आगे की जांच के लिए यह मामला खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग को हैंड ओवर कर दिया गया था। ग्वालियर, भिंड, मुरैना समेत कई जिलों से मावा भोपाल आता है। कई बार अमानक मावा की खपत भी होती है। जिस वजह से खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम कार्रवाई में जुटी रहती है। प्रदेश के बाहर से भी मावा आता है। सोमवार को मावा ग्वालियर से यहां लाया गया।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022